

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 17 अप्रैल 2023 ■ वैशाख कृष्ण पक्ष -11 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-019 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 अप्रैल 2023 रू. 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# मुख्यमंत्री ने राजधानी को किया खुश

## बघेल ने दी 117 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

■ रायपुर 17 अप्रैल।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में आज भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान शहर वासियों को 117 करोड़ 61 लाख रूपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में युवाओं को रोजगार, सड़क-यातायात, पेयजल, शहर सौदर्यीकरण से लेकर इलाज की बेहतर सुविधा से जुड़े कई विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया। बघेल ने 50 करोड़ रूपए की लागत से रायपुर शहर में 5 सड़कों के सौदर्यीकरण और 10 करोड़ की लागत से मल्टीलेवल पार्किंग के पांचवें माले पर 500 सीटर बी.पी.ओ. सेंटर की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री बघेल ने नगरनिगम रायपुर के जोन क्रमांक 07 में 26 लाख रूपए की लागत के, जोन क्रमांक 04 में 85 लाख रूपए की लागत से और जोन क्रमांक 10 में 01 करोड़ रूपए की लागत के कई विकास कार्यो का भूमिपूजन भी किया।



भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान बघेल ने 24 करोड़ 87 लाख रूपए की लागत से निर्मित देवेंन्द्र नगर उच्च स्तरीय जलागार और पाईप लाईन विस्तार कार्य, 13 करोड़ 83 लाख रूपए की लागत से शंकर नगर उच्च स्तरीय जलागार और पाईप लाईन विस्तार कार्य, 5 करोड़ 30 लाख रूपए की लागत के तेलीबांधा उच्च स्तरीय जलागार से पाईप लाईन विस्तार कार्य, 53 लाख रूपए की लागत से शंकर नगर के जेठवा गार्डन का सौदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्य और 48 लाख रूपए की लागत से देवेन्द्र नगर के गुरूघासीदास गार्डन के सौदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्यो का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने 40 लाख रूपए की लागत से फाफाडीह के साहू पारा तालाब के सौदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्य, 37 लाख रूपए की लागत से श्यामनगर के महाराणा प्रताप गार्डन का सौदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्य, 19 लाख रूपए की लागत से देवेन्द्र नगर के चैतन्य गार्डन का सौदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्य, 18 लाख रूपए की लागत से सिद्धीविनायक गार्डन का सौदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्य और 17 लाख रूपए की लागत से सर्वानंद गार्डन का सौदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्यो का लोकर्पण किया। मुख्यमंत्री ने पंडरी में 19 लाख रूपए की लागत से पुनर्विकसित किए गए कुष्ठ बस्ती तालाब, 69 लाख रूपए से पुनर्विकसित किए गए खम्हारडीह के बड़ा शीतला तालाब का भी लोकार्पण किया। बघेल ने 19 लाख रूपए की लागत से पुनर्विकसित हुए शंकर नगर गार्डन, 87 लाख रूपए की लागत से बने शहीद नंदकुमार पटेल चौक, 47 लाख रूपए की लागत से इंन्द्रावती कालोनी गार्डन और 14 लाख रूपए की लागत से गीतांजली नगर गार्डन के सौदर्यीकरण कार्यो को भी शहर वासियों को लोकर्पित किया। बघेल ने इस दौरान नगरनिगम रायपुर के जोन क्रमांक 03 में 02 करोड़ रूपए की लागत के, जोन क्रमांक 02 में 05 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत से और जोन क्रमांक 09 में 03 करोड़ 17 लाख रूपए की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण भी किया।

शहर वासियों को इलाज की बेहतर सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री बघेल 5 करोड़ 63 लाख रूपए की लागत के विकास कार्यो का भी लोकार्पण करेंगे। जिला चिकित्सालय में 35 लाख 62 हजार रूपए की लागत से बनी टू-नॉट लैब और 74 लाख 56 हजार रूपए से बने 20 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड का भी लोकार्पण किया जाएगा। जिला चिकित्सालय में ही 65 लाख रूपए की लागत से बने 12 बिस्तर आईसीयू और 30 बिस्तर ऑक्सीजन युक्त वार्ड का भी लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री बघेल कालीबाड़ी के जिला चिकित्सालय में 70 लाख रूपए की लागत से बने ट्रांजिट हॉस्टल और खो-खो पारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 32 लाख 28 हजार रूपए की लागत से बने 20 बिस्तर अतिरिक्त वार्ड का भी लोकार्पण करेंगे। बघेल चिकित्साकर्मियों को आवास की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने जिला चिकित्सालय परिसर में 2 करोड़ 86 लाख रूपए की लागत से बने 08 स्टॉफ क्वाटरर्स का भी लोकार्पण करेंगे।

# डेढ़ घंटे की मुलाकात में मोदी की मुरीद हो गईं अमेरिकी मंत्री

■ वाशिंगटन 17 अप्रैल।



अमेरिकी वाणिज्य सचिव गीना रायमोंडो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक अविश्वसनीय, दूरदर्शी और भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता और इच्छा के साथ सबसे लोकप्रिय विश्व नेता के रूप में सराहना की है। जीना रायमोंडो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी हालिया बैठक को याद करते हुए उन्हें दूरदर्शी नेता करार दिया है। भारतीय अमेरिकियों की एक सभा में उन्होंने कहा कि मुझे पीएम मोदी के साथ डेढ़ घंटे बिताने का अवसर मिला। वह सबसे लोकप्रिय वैश्विक नेता हैं। वह अविश्वसनीय हैं, वह दूरदर्शी हैं और भारत के लोगों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के स्तर का वर्णन नहीं हो सकता।

रायमोंडो ने दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा कि लोगों को गरीबी से बाहर निकालने और भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में आगे बढ़ाने की उनकी इच्छा वास्तविक है, और यह हो रहा है। मेरे लिए बैठक का सबसे अच्छा हिस्सा यह था। जो कोई भी प्रधान मंत्री मोदी को जानता है, आप सभी जानते हैं, वह एक तकनीकी व्यक्ति है। इसलिए, मैंने खुद को शाम 7:30 बजे उनके घर पर पाया। बता दें कि मार्च में भारत आ चुकीं जीना की होली खेलने की तस्वीरें और विडियो काफी वायरल हुए थे।

## सड़क किनारे मिला भाजपा नेता का शव

**लोरमी 17 अप्रैल।** मुंगेली जिले के लोरमी में एक भाजपा नेता का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि लोरमी के गोल्हापारा में सड़क के किनारे भाजपा नेता का शव मिला है। इस घटना से आस-पास के इलाकों में हलचल का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बीजेपी नेता शत्रुघ्न साहू रविवार की शाम से ही लापता थे। जिसके बाद आज उनका सड़क के किनारे शव मिला। ये पूरा मामला चिल्फी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।

## संक्षेप

### बस की ट्रैक्टर से टक्कर चालक और हेल्पर की मौत

**राजनांदगांव 17 अप्रैल।** जिले के नेशनल हाइवे पर कोहका के पास लग्जरी बस और ट्रैक्टर में भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में बस चालक और हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार यात्री घायल हो गए, जिसे राजनांदगांव मेडिकल अस्पताल भेजा गया है। तुमडीबोड पुलिस ने बताया कि बस अमरावती से रायपुर जा रही थी, तभी कोहका गांव के पास सामने चल रही ट्रैक्टर की ट्राली से बस की भिड़ंत हो गई। इस घटना में बस चालक राजस्थान निवासी प्रेम सिंह और परिचालक बीजापुर निवासी तेजा राम पल्ले की घटना स्थल पर मौत हो गई। बस में 20 यात्री सवार थे, जिसमें से एक को चोट लगी है। वहीं ट्रैक्टर में सवार चार लोग घायल हुए है। घटना सुबह साढे पांच बजे की है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### बस-ट्रैक्टर में भिड़ंत, 8 घायल

**महासमुंद 17 अप्रैल।** यहां एक भीषण सड़क हादसे में 7 से 8 लोग घायल हो गए है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। जानकारी के अनुसार, तुमगांव थाना क्षेत्र के एनएच 53 के पास बस और ट्रैक्टर की आमने सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी की इस हादसे में 7 से 8 लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही तुमगांव पुलिस मौके पर पहुंची और आनन-फानन में सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। घायलों को अस्पताल भेजने के बाद पुलिस आगे की जांच में जुट गई हैं।

### राइस मिल में भीषण आग

**दुर्ग 17 अप्रैल।** ज़िले के पुलगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंद्रखुरी में स्थित राकेश जिंदल इंडस्ट्री में भीषण आग को 6 घंटे तक कल रात 10:15 बजे से लेकर आज सुबह 4:15 बजे तक किए गए कड़े मशक्कत के बाद फायर कर्मियों द्वारा आग पर काबू पाया है। करीब 15 गाड़ी पानी एवं फॉर्म की बौछार की गई एवं आग को गोदाम तक जाने से रोका गया इस भीषण आगजनी में जान माल की बड़ी हानि हुई है। रात 10:16 बजे के लगभग सूचना प्राप्त हुई कि चंद्रखुरी में स्थित राकेश जिंदल इंडस्ट्री में भीषण आग लग गई है।इस पर अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन टीम को राइस मिल के लिए रवाना हुई और वहाँ पहुँचकर अग्निशमन कर्मियों ने 6 घंटे की कड़ी मशक़्क़त से 15 गाड़ी पानी एवं फ़ोम की मदद से आग पर क़ाबू पाया और आग को आगे के गोदाम पर बढ़ाने से रोक लिया गया।

### अवमानना के चलते महाराष्ट्र सरकार को सुको की फटकार

**नई दिल्ली 17 अप्रैल।** सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को आरे वन वृक्ष मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को ओवररीच करने का प्रयास करने के लिए फटकार लगाई और अदालत के आदेश का उल्लंघन करते हुए अधिक पेड़ काटने की मांग के लिए मुंबई मेट्रो पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि राशि मुख्य वन संरक्षक को जमा की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई मेट्रो को 15 मार्च, 2023 के वृक्ष प्राधिकरण के फैसले का पालन करने के लिए भी कहा और कार शेड विकसित करने के लिए आरे जंगल से 177 पेड़ गिराए।

# नगर निगम रायपुर को 84 नए सफाई वाहनों की सौगात

■ रायपुर 17 अप्रैल।

उत्तर रायपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाले भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान 17 अप्रैल को रायपुर शहर को 84 नए सफाई वाहनों की बड़ी खेप मिली। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज 10 करोड़ 12 लाख रूपए की लागत के इन छोटे-बड़े वाहनों का लोकार्पण किया। इन वाहनों के नगर निगम के सफाई बेड़े में शामिल हो जाने से निगम क्षेत्र में कचरा और अन्य दूसरे अपशिष्टों को इकट्ठा करने, उनका परिवहन करने और उनका निष्पादन करने में बड़ी सहुलियत होगी। मुख्यमंत्री बघेल ने आज 30 हाइड्रोलिक टिपर, 20 मिनी टिपर, 07 यूटिलिटी विकल्प, 05 वैक्यूम सक्शन मशीन, 01 चैन माउंटेड डिगर, 10 तीन क्यूबिक मीटर के हाइड्रोलिक टिपर, 03 मिनी पोकलेन, 01 टैक्टर संचालित वाटर कैनन सिस्टम,



06 कैंफर और 01 बोलेरो वाहन नगर निगम रायपुर को सौपे। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे, रायपुर उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा,नगर निगम महापौर एज़ाज़ ढेबर,नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे,अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र सिंह छाबड़ा,संचालक नगरीय प्रशासन डॉ. अय्याज फ़क़ीर भाई तम्बोली, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे,निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी,सहायक कलेक्टर जयंत नाहटा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# देश में फैलाई जा रही नफरतः राहुल गांधी

■ बंगलुरू 17 अप्रैल।

कर्नाटक चुनाव को लेकर प्रचार में धार दिखनी शुरू हो गई है। कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज राज्य के बीदर में थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। राहुल ने कहा कि भारत में अगर पहली बार लोकतंत्र की बात किसी ने की और उसे रास्ता दिखाया तो वो बसवन्ना जी थे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि आज आरएसएस और भाजपा के लोग लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बसवन्ना जी की सभी की भागीदारी, सभी के लिए एक जगह और सभी को एक साथ आगे बढ़ना चाहिए की सोच पर भाजपा और




आरएसएस द्वारा हमला किया जा रहा है। वे भारत में नफरत और हिंसा फैला रहे हैं।

इसके साथ ही राहुल ने वहां के लोगों से कई वादें भी किए। राहुल ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस पार्टी की सरकार कर्नाटक में जो 4 वादे कर रही है वो यह हैं पहला वादा गृह लक्ष्मी 2000 रुपए हर महिने महिलाओं को, दूसरा गृह ज्योति 200 यूनिट मुफ्त बिजली, तीसरा अन्न भाग्य 10 किलो चावल हर परिवार को, चौथा वादा युवा निधी 2 साल के लिए 3000 रुपए हर महिने ग्रेजुएट को और 1500 रुपए डिपलोमा होल्डर को दिए जाएंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह वादे जो भी कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनेगा कैबिनेट बैठेक के पहले दिन पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि कांट्रेक्टर एसोसिएशन प्रधानमंत्री को पत्र लिखता है और कहता है कर्नाटक में 40त्न कमीशन लिया जा रहा है। नरेंद्र मोदी जी ने चिट्ठी का जवाब तक नहीं दिया। मैसूर सैंडल सॉप कॉरपोरेशन में करप्शन स्कैंडल होता है, ख्र का बेटा 8 करोड़ रुपए के साथ पकड़ा जाता है, जॉब स्कैम होता और प्रधानमंत्री एक शब्द नहीं कहते हैं। ये 40त्न कमीशन लेते हैं ना ? तो इस आप इनको 40 सीट देना, 41 मत देना।

भाजपा पर अपना हमला जारी रखते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि आप कर्नाटक में भाजपा को अच्छी तरह से जानते हैं। ÷40त्न कमीशन सरकार÷ का नारा मैंने नहीं गढ़ा था, यह आप लोगों ने दिया था - कर्नाटक के लोगों ने। लेकिन बीजेपी पर बोलने से पहले मैं आपको बताना चाहता हूं कि चुनाव जीतने के बाद कर्नाटक में कांग्रेस सरकार क्या करेगी। गांधी ने रविवार को कोलार में 'जय भारत' रैली को संबोधित किया था। राहुल गांधी ने 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान कोलार में ही 'मोदी' उपनाम को लेकर विवादित बयान दिया था, जिसके लिए उन्हें आपराधिक मानहानि का दोषी और संसद की सदस्यता से भी अयोग्य ठहराया गया।

# गर्मी से 11 लोगों की मौत

**मुंबई 17 अप्रैल।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार समारोह के दौरान भारी भीड़ और गर्मी की वजह से 11 लोगों की मौत हो गई। हीटस्ट्रोक की वजह से अभी भी 20 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है।

बता दें कि रविवार को नवी मुंबई के खारघर में खुले मैदान में महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार का कार्यक्रम आयोजन किया गया था। इसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी हिस्सा लिया था। रविवार दोपहर 1 बजे तक चले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

कार्यक्रम में तेज धूप और डिहाइड्रेशन के चलते लोगों की तबीयत खराब होना शुरू हो गई। इसके बाद 50 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से 11 की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मृतक के परिजनों को मुआवजे के रूप में 5 लाख रुपए दिए जाने का ऐलान किया है। इसके साथ ही उन्होंने सभी मरीजों का सरकार द्वारा उचित इलाज कराए जाने की बात कही है। अस्पताल में अभी भी 50 से ज्यादा लोगों का इलाज चल रहा है, जिसमें से कुछ की स्थिति गंभीर है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और सरकार के कई अन्य मंत्री भी शामिल हुए थे।

सेवई.....



रायपुर 17 अप्रैल। ईद के लिए राजधानी में तरह-तरह के सेवइयों का बाजार सज गया है।

# सीएम योगी की बढ़ाई सुरक्षा

■ प्रयागराज 17 अप्रैल।

उत्तर प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर और माफिया अतीक अहमद के साथ उसके भाई अशरफ अहमद की हत्या के बाद उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। सीएम योगी को फिलहाल जेड प्लस सिक्योरिटी मिली है, लेकिन उनकी सुरक्षा अभी और अधिक बढ़ने वाली है। यूपी प्रशासन सीएम की सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं चाह रही है। इसको लेकर लगातार सीएम की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। सीएम योगी की सुरक्षा के मद्देनजर सीएम के सारे प्रोग्राम भी रद्द कर दिए गए हैं। सीएम योगी के अलावा उत्तर प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्रियों को भी कार्यक्रम से दूरी बनाने के लिए कहा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीएम योगी की सुरक्षा यूपी के अलावा अन्य राज्यों में भी बढ़ाई जा रही है। बता दें कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में सीएम योगी को बीजेपी की ओर से स्टार प्रचारक बनाया गया है। ऐसे में कर्नाटक में भी सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। इसी को लेकर सीएम योगी के आगामी तमाम कार्यक्रम भी कैंसिल कर दिए गए है। वहीं, यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार सुरक्षा के मद्देनजर सीएम योगी से मुलाकात करने पहुंचे हैं। अतीक और अशरफ की हत्या के बाद प्रयागराज में इंटरनेट सेवा भी बंद कर दी गई है। इंटरनेट बंद रखने की अवधी को दो दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है।

# शहरी अभिजात वर्ग की सोच पूरे समाज पर नहीं थोप सकते

**नई दिल्ली 17 अप्रैल,।** समलैंगिक विवाह पर केंद्र की आपत्ति वाली अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार हो गया है। केंद्र सरकार के अलावा गुजरात और मध्य प्रदेश सरकार ने भी याचिका दाखिल की है। इस आवेदन में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर विचार करने पर सवाल उठाए हैं। केंद्र ने कहा है कि शादी एक सामाजिक संस्था है और इस पर किसी नए अधिकार के सृजन या संबंध को मान्यता देने का अधिकार सिर्फ विधायिका के पास है और यह न्यायपालिका के अधिकारक्षेत्र में नहीं है।



केंद्र ने आवेदन में ये भी कहा है कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का व्यापक असर होगा और सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाएं पूरे देश की सोच को व्यक्त नहीं करती हैं बल्कि ये शहरी अभिजात वर्ग के विचारों को ही दर्शाती हैं। इसे देश के विभिन्न वर्गो और पूरे देश के नागरिकों के विचार नहीं माने जा सकते।

आवेदन में सरकार ने कहा कि 'सुप्रीम कोर्ट याचिकाओं की विचारणीयता पर विचार करे कि क्या इन्हें सुना जा सकता है या नहीं। कानून सिर्फ विधायिका द्वारा बनाया जा सकता है, न्यायपालिका द्वारा नहीं। याचिकाकर्ताओं ने एक नई विवाह संस्था बनाने की मांग की है, जो मौजूदा कानूनों की अवधारणा से अलग है। विवाह संस्था को सिर्फ सक्षम विधायिका द्वारा मान्यता दी जा सकती है।'

बता दें कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 15 याचिकाएं दायर की गई हैं। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ ने इन याचिकाओं को पांच जजों की संविधान पीठ के समक्ष भेजने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट 18 अप्रैल को इन पर सुनवाई कर सकता है।

# हेट स्पीच मामले में जवाब देने थाना पहुंचे भाजपाई

**रायपुर 17 अप्रैल।** हेट स्पीच मामले में जवाब देने भारतीय जनता पार्टी आज सिविल लाइन थाने पहुंची. बीजेपी मुख्यालय से रास्ते भर नारेबाजी करते हुए बीजेपी नेता कार्यकर्ता सिविल लाइन थाने पहुंचे. वहीं नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने इस शिकायत को झूठी शिकायत बताया है.



दरअसल, छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने हेट स्पीच मामले में बीजेपी नेताओं की शिकायत की थी, जिसमें 8 नेताओं को एसएसपी ने नोटिस जारी किया था. जिसके बाद बीजेपी के सभी वरिष्ठ नेता जवाब देने थाने पहुंचे.

बता दें कि, बिरनपुर हत्याकांड मामले में सोशल मीडिया में नफरती पोस्ट फैलाने बीजेपी नेताओं को नोटिस जारी हुआ था. नेता कार्यकर्ताओं ने थाने के बाहर बैठकर खूब नारेबाजी भी की।

एक नजर

## सुरेठी कुर्मी समाज की बैठक में कई विषयों पर चर्चा



**कवर्धा,17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुरेठी कुर्मी समाज के द्वारा ग्राम पंचायत पोंडी भवन में बैठक प्रारंभ हुआ।सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात समाज का विशेष बैठक प्रारंभ हुआ,जिसमें प्रमुख रूप से भवन निर्माण को विस्तार रूप देने हेतु सहयोग राशि के संबंध में जानकारी,सामाजिक नियम के संबंध में,चुनाव कराने के संबंध में विचार विमर्श कर समाज को एकजुट कर आगे बढ़ाने की बात कही गई।साथ ही समाज के प्रबुद्ध जन,वरिष्ठ जन सामाजिक नागरिक द्वारा समाज विकास हेतु 2,56000/- दान राशि प्राप्त हुआ। सुरेठी कुर्मी समाज अध्यक्ष श्री शिव प्रसाद वर्मा ने कहा जिस प्रकार झाड़ू जब तक एक साथ बंधी रहती है,तब तक वह कचरा साफ करती है।लेकिन वही झाड़ू बंधन से छूट जाती है,तो खुद कचरा बन जाती है।इसी प्रकार जब तक हम सब समाज से बने रहेंगे,तब तक हमारा समाज हर क्षेत्र में चाहे सामाजिक,आर्थिक,राजनीतिक,व्यापारिक हो समाज का महत्व बढ़ता रहेगा।बैठक में सभी सामाजिक बंधुओं का समाज के भागीदारी निरंतर प्रयास के लिए आप सब का अनुकरणीय कार्य है।उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाज के बद्री प्रसाद वर्मा,अशोक कुमार वर्मा,धन्नू वर्मा,जयचंद वर्मा,वाल्मिकी वर्मा,शुभम वर्मा,रमेश वर्मा शीतल वर्मा,रामकिंकर वर्मा,श्याम वर्मा,भागवत वर्मा,संतोष वर्मा,संतोष वर्मा,अरुण वर्मा,गनीराम वर्मा,विश्राम वर्मा,रवि वर्मा,विनोद वर्मा,बलराम वर्मा,ओम प्रकाश वर्मा सहित समाज के सैकड़ों की संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

## गोविंद पाल को मिला अंतर्राष्ट्रीय हिंद शिरोमणि सम्मान



भिलाई, 17 अप्रैल। उत्कृष्ट लेखन हेतु लब्धप्रतिष्ठित लेखक कवि गोविंद पाल को अंतर्राष्ट्रीय हिंद शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में गोविंद पाल को मुख्य अतिथि संभागायुक्त महादेव कावरे तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व सीईओ भिलाई इस्पात संयंत्र के विनोद अरोरा ने गोविंद पाल शील्ड कप, गोल्डमेडल साथ ही हिंद शिरोमणि सम्मान पत्र के साथ राजस्थानी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के निदेशक एम रवीन्द्र नाथ तथा कृष्ण इंजीनियरिंग कालेज के अध्यक्ष आनंद त्रिपाठी मंचासीन थे। इसके अलावा विशेष अतिथि के रूप में डाक्टर शैलेन्द्र ठाकुर भी उपस्थित रहे।

सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष ज्ञान चतुर्वेदी एवं महासचिव राकेश शर्मा ने उपस्थित लोगों को सृजन फाउंडेशन के उद्देश्य एवं आगे की कार्यप्रणाली को समझाते हुए संबोधित किया।

# आत्मसमर्पित नक्सलियों को एसपी ने दिया 26 लाख रुपये का चेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 17 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा नक्सलियों के ऊपर संगठन में धारित पदानुसार ईनाम की राशि घोषित किया गया है, तथा आत्मसमर्पण पुर्नवास नीति के तहत पात्रतानुसार आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने की योजना है। छ.ग. शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में कबीरधाम पुलिस द्वारा चलाये जा रहे शासन की आत्मसमर्पण पुनर्वास नीतियों का प्रचार प्रसार से प्रभावित होकर जिले में सक्रिय नक्सली 1. दिवाकर उर्फ किशन उर्फ लिवरू कोर्राम, 2. देवे उर्फ लक्ष्मी रऊवा 3 करन उर्फ सुद्धू हेमला, 4. अनिता हेमला कबीरधाम पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किये है। उक्त आत्मसमर्पित नक्सली 1. दिवाकर उर्फ किशन उर्फ लिवरू कोर्राम, 2. देवे उर्फ लक्ष्मी रऊवा, 3. करन उर्फ सुद्धू हमला, 4. अनिता हेमला को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नक्सली संगठन में धारित पदानुसार घोषित ईनाम की राशि प्रदाय करने पुलिस मुख्यालय के अनुशंसा पर कलेक्टर कबीरधाम के द्वारा घोषित ईनाम राशि की चेक उपलब्ध कराये जाने पर दिनांक 14.04.2023 को पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा आत्मसमर्पित नक्सली दिवाकर उर्फ किशन उर्फ लिवरू कोर्राम को 8,00,000/- ( आठ लाख रूपये), देवे उर्फ लक्ष्मी रऊवा को 5,00,000/- (पाँच लाख रूपये), करन उर्फ सुद्धू हेमला को 8,00,000/- ( आठ लाख रूपये), एवं अनिता हेमला को 5,00,000/- (पाँच लाख रूपये), कुल जुमला राशि- 26,00,000/- (छब्बीस लाख रूपये) का चेक वितरण किया गया।कबीरधाम पुलिस के द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति के तहत् पात्रतानुसार सुविधाएँ उपलब्ध करायी गई है, जिसके तहत प्रत्येक को 10-10 हजार रूपया प्रोत्साहन राशि राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड यस पास, केन्द्रीय सहायता राशि 2.50-2.50 लाख रूपये प्रत्येक आत्मसमर्पित नक्सलियों को तथा आवास निर्माण करने त्वरित सहायता हेतु 75-75 हजार रूपये पृथक से उपलब्ध कराया गया है। साथ ही कबीरधाम पुलिस के द्वारा जिले में आत्मसमर्पित कुल 06 नक्सलियों को शिक्षा के क्षेत्र में जोड़ने शिक्षा के दिशा में की गई पहल के परिणाम स्वरूप आत्मसमर्पित नक्सलियों के द्वारा शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त करने पर कबीरधाम पुलिस के द्वारा आत्मसमर्पित दिवाकर उर्फ लिवरू कोर्राम, देवे उर्फ लक्ष्मी, करन हेमला, अनिता हेमला तीजू उर्फ मंगलू बेको व राजे उर्फ वनोजा बेको को शिक्षा के मुख्यधारा में जोड़ते हुए ओपन परीक्षा के तहत् कक्षा 10वीं का फार्म भरवाकर आवश्यक किताबें उपलब्ध कराया गया है। काफी वर्षो से नक्सल विचारधारा में जुड़कर मुख्यधारा से भटक कर नक्सली संगठन का हिस्सा रहे आत्मसमर्पित नक्सलियों को आत्मसमर्पण पुर्नवास नीति के तहत् प्राप्त सुविधाएँ एवं शिक्षा ग्रहण कर अपने मानसिक व चौद्धिक विकास कर भविष्य में बेहतर जीवनयापन कर सकते है तथा इनके भावी पीढ़ियों की अच्छे भविष्य के लिए लाभप्रद होगा। जिले के एसपी डॉक्टर लाल उमेद सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर ने चेक और किताबे आत्मसमर्पित नक्सलियों को दिए । पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों से अपील किया गया है कि आत्मसमर्पण करें और आत्मसमर्पण पुर्नवास नीति के तहत् इन सुविधाओं का लाभ उठाकर बेहतर जीवनयापन करे।

# हनोदा में पुस्तकालय व व्यायामशाला का उद्घाटन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,17 अप्रैल।** ग्राम हनोदा के युवा जन कल्याण संगठन संबद्धता युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नेहरू युवा केंद्र दुर्ग द्वारा डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर युवा संगठन कार्यालय में पुस्तकालय एवं व्यमशाला का उद्घाटन किया गया।जिसके मुख्य अतिथि जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा एवं विशेष अतिथि कु.चंद्रकला ओझा(गोल्डन गर्ल पुरई)व ओमप्रकाश ओझा(स्विमिंग कोच पुरई)थे।कार्यक्रम का शुभारंभ अम्बेडकर जी के तैल चित्रों में पूजा अर्चन कर किया गया।जिसके बाद आये हुए अतिथियों एवं संगठन के संरक्षकों द्वारा पुस्तकालय एवं व्यमशाला का उद्घाटन किया गया।जहाँ युवाओं के प्रतियोगी परीक्षा जैसे बैंक,यूपीएससी, पीएससी, एसएससी, हॉस्टल वार्डन,एस आई,रेलवे,सीजी नेट,रिसनिंग, एप्टीट्यूड के पुस्तको सहित महापुरषो की जीवनी,संविधान,10,11,12 कक्षा की पुस्तक,पीजीडीसीए एवं अन्य पुस्तक मौजूद है।पुस्तकों का दान जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा,मार्गदर्श रमेश पटेल व प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रमुख यशवंत साहू द्वारा किया गया है।इसके साथ ही व्यमशाला मे युवाओ के लिए उचित सामग्री उपलब्ध कराई गयी है।कार्यक्रम का संचालन प्रकाश पटेल अध्यक्ष व रूपराम साहू सहसचिव व कला एवं संस्कृति प्रभारी ने किया।एवं आभार प्रदर्शन गौकरण टंडन ने किया। मुख्य अतिथि नितिन शर्मा ने कहा काम तो हर कोई करता है योजनाएं भी बहुत बनती है लेकिन सामाजिक जागृति सिर्फ युवा शक्ति द्वारा आती है। विशेष अतिथि कु.चंद्रकला ओझा ने अपने सफर के बारे में बताते हुए कहा कि तैराकी में भारत के लिए ओलंपिक में पहला गोल्ड लाने का है सपना। अध्यक्ष प्रकाश पटेल ने अपने उद्बोधन में बताया कि पुस्तकालय एवं व्यमशाला का निर्माण युवाओं को गलत दिशा में जाने से रोकने व नशे से दूर करने किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से माइंड पवार ट्रेनर व मास्टर ट्रेनर जितेंद्र सोनी,आदित्य भारद्वाज सचिव शौर्य संगठन कोड़िया, एन.वाय.वी यादवेंद्र साहू,संरक्षक गौकरण टंडन,राज कुमार साहू,डॉ.सी.एल. साहू,पंचराम कुम्भकार,डॉ.अस्वनी जांगड़े,भोज राम साहू,देवलाल ठाकुर,हेमलाल कुम्भकार,पन्नू लाल देशलहरा,मार्गदर्शक रमेश पटेल,विष्णु फुटान,दिलेश देवांगन सहित युवा जन कल्याण संगठन,गायत्री परिवार हनोदा,युवा शक्ति संगठन बोरसी के सदस्य सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रदेश सचिव शेख अनवरी को पुनः जिम्मेदारी मिलने से कांग्रेसियों में हर्ष



**कवर्धा,17 अप्रैल।** शेख अनवरी प्रदेश सचिव की पुनः जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर फैल गई है ।

## मुख्य अतिथि कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू ने विजेता क्रिकेट टीम को ट्राफी प्रदान की

कवर्धा, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।कृषि उपज मंडी क्षेत्र ग्राम तारो में आयोजित क्रिकेट मैच पुरुस्कार समारोह कार्यक्रम में आज मुख्य अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहु एवं विशिष्ट अतिथि सनत जायसवाल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला एवम् कृष्णा साहू चरण पटेल लुक राम साहू मोहित पाली सुनील पाली ग्राम के प्रमुख लोगो की उपस्थिति में आयोजित की गई । कार्यक्रम में कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहु ने संबोधन कर खिलाड़ियों का हौसला आफजाई किया साथ *मंत्री मो अकबर द्वारा खिलाड़ियों को 30 हजार प्रथम इनाम विजेता टीम जेवडन कला को सम्मान राशि प्रदान किया,साथ ही विशिष्ट अतिथि सनत जायसवाल द्वारा द्वितीय इनाम खिलाड़ियों को 15000 रुपए नेऊर गांव को सम्मान राशि प्रदान किया ।



## गांवों में रोजगार, जल संचय और जल संवर्धन के लिए बेहतर साबित हो रही है अमृत सरोवर



कवर्धा, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।कवर्धा जनपद के अंतर्गत बारदी, बंझिमौहा,मानिक चौरी ,घुघरी खुर्द , दसरनपुर, कुटेली, लासाटोला, मक्के, खैरीपार, नेवारी गुड़ा , लोचन,रवेली, लालपुर कला गांवों में अमृतसरोवर के निर्माण में चार हजार आठ सौ से ज्यादा परिवार को रोजगार मिली है और गांवों में युवाओं , महिलाओ के चेहरे पर रोजगार मिलने से मुस्कराहट दिख रही है । अमृत सरोवर के निर्माण होने से जल संचय और जल संरक्षण होगी । भीषण गर्मी में लोगो को फायदा भी होगा और जल की कमी नहीं होगी । कलेक्टर जनमंजय मोहबे और जिला सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में अमृत सरोवर का निर्माण प्रगति पथ पर है । कवर्धा के सीईओ केशव राम वर्मा के द्वारा भी अमृत सरोवर निर्माण की मॉनिटरिंग भी लगातार की जा रही है जिससे की गुणवत्ता युक्त अमृतसरोवार का निर्माण हो । कबीरधाम जिले में कवर्धा , बोडला , सहसपुर लोहारा , पंडरिया जनपद के अंतर्गत कुल 73 गांवों में अमृत सरोवर का निर्माण हो चुका है और हजारों परिवार के चेहरे पर खुशी दिख रही है । अमृत सरोवर के निर्माण से हजारों युवाओं को रोजगार मिल रही है जिसकी तारीफ जनमानस में हो रही है ।



## नेवई से 11 भैंस और 1 पड़िया महीने भर से गायब

**भिलाई।** निकटवर्ती नेवई गाँव से डयेरी का संचालन कर रही नीरा यादव की 11 भैंसें और 1 पड़िया लगभग एक महीने से गायब हो गई है। उन्होंने बताया कि ये भैंसे पूरी टीम के साथ शाम तक घूमकर घर वापस आ जाती थी। उन्होंने आशंका जाहिर की है, कि किसी व्यक्ति ने रेकी कर उन भैंसों को शहर के बाहर कर दिया होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भेंट-मुलाकात के दौरान उन्होंने अपनी पीड़ा बताई। उन्होंने आवेदन के संदर्भ में यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। नीरा यादव ने बताया कि उनकी भैंसे, एक पड़िया सहित विगत 20 मार्च 2023 से गायब है। उन्हें नेवई, मरोदा, उमरपोटी, पुरई, उतई, रिसाली आदि निकटवर्ती स्थानों पर खोजने का प्रयास किया, किंतु उनका पता नहीं चल सका। ये भैंसे ही उनके जीवनयापन का एकमात्र सहारा रही है। इससे उनके पूरे परिवार का भरण-पोषण होता रहा है। परिवार में नीरा एकमात्र काम करने वाली सदस्य हैं, उनके पति रामकुमार दृष्टिबाधित हैं। उनके पुत्र बेरोजगार हैं। बहू और पोते-पोतियों को दो वक्त की रोटियाँ उन्हीं भैंसों के सहारे उपलब्ध होती रही हैं। उन्होंने निरंतर हो रही पशुधन के गायब होने की घटना से आहत नीरा ने बताया कि मरोदा,रूआबांधा से भी पशुधन गायब होने की जानकारियाँ है। उन्होंने इस घटना को पशु तस्करी का मामला निरूपित करते हुए इसे प्रशासनिक रूप से छानबीन कर कार्रवाई करने की मांग की है। नीरा यादव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आग्रह किया है, कि उन्हें परिवार के भरण-पोषण हेतु तत्काल यथासंभव सहयोग करने की कृपा करें।

# साहू समाज का सर्वसुविधायुक भवन बनाने विधायक ने किया भूमिपूजन



**भिलाई, 17 अप्रैल।** साहू समाज को भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने एक और बड़ी सौगात दी है। छावनी क्षेत्र के साहू समाज के लोगों के लिए एक भव्य सर्व सुविधा युक्त साहू समाज का भवन बनाया जाएगा। इसके लिए आज भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में साहू समाज के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में समाज के वरिष्ठ जनों के साथ मिलकर विधायक देवेंद्र यादव ने भूमि पूजन किया। भिलाई नगर विधायक यादव समय-समय पर लोगों से भेंट मुलाकात करते हैं। इसी क्रम में कुछ माह पहले ही में छावनी क्षेत्र के निवासियों से भेंट मुलाकात करने पहुंचे थे। जहां उन्होंने लोगों से भेंट मुलाकात कर वार्ड के विकास कार्यों का निरीक्षण किए। साथ ही लोगों की समस्याएं भी जानी और समस्याओं का समाधान भी किये। साहू समाज के वरिष्ठ जनों ने विधायक यादव से साहू समाज के भवन के निर्माण की मांग की थी ताकि साहू समाज भी अपने सामाजिक व धार्मिक पारिवारिक आयोजन उस भवन में कर सकें। समाज के वरिष्ठ जनों की मांग पर विधायक यादव तत्काल पहल की और संबंधित क्षेत्र के अधिकारी को जगह का चयन कर स्टीमेंट तैयार करने के निर्देश दिए थे। इसी के साथ ही भवन निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति भी ले ली गई है। अब जल्द ही निर्माण कार्य की शुरुआत की जाएगी। इससे पहले आज भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां समाज के लोगों के साथ मिलकर यादव ने भूमि पूजन किया। पंडित ने मंत्रोच्चार कर पूरे विधि विधान के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम को संपन्न कराया। इस दौरान यादव ने पूरे समाज के नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब का आशीर्वाद और प्यारे मेरे लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। साहू समाज ने हमेशा मुझे एक बेटे की तरह प्यार और सम्मान दिया है। और यह मेरा फर्ज है कि मैं भी समाज के हित में कुछ अच्छा करू। समाज के वरिष्ठ जनों ने समाज भवन की बात हुई थी। भूमि पूजन हो रहा है और जल्द ही समाज को एक अपना खुद का भवन मिल जाएगा। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने विधायक यादव को धन्यवाद किया और आभार जताया।

## चोरी करने घर में घुसे चोर ने लूटी महिला की अस्मत



**भिलाई, 17 अप्रैल।** आधी रात को युवक चोरी करने के लिए पर में घुसा घर में महिला को अकेली देखकर उसकी नीयत बदल गई। डरा धमका कर उसका बलात्कार किया। फिर मोबाइल और नगदी लूटकर भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी यस ध्रुव ( 30 वर्ष ) को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि आरोपी बीती रात स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में महिला के घर चोरी करने घुसा। महिला घर में अकेली थी। चिल्लाने की कोशिश की तो उसे पकड़ लिया और डरा धमका कर उसके साथ बलात्कार किया फिर उसका मोबाइल और नकदी रकम लेकर फरार हो गया। आस-पास में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया। एक फुटेज से आरोपी की पहचान हुई। उसे दूसरे दिन डेराबस्ती सुपेला से गिरफ्तार किया गया। टीआई ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर चौकी लाया गया था। जवान उसे बाथरूम में से गए थे अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और अंदर ही बल्ब फोड़कर पीछे का हिस्सा चबा लिया पुलिस ने दरवाजा तोड़ा देखा उसके मुंह से खून गिर रहा था। आरोपी के मुंह से खून गिरते देख जहर खाने की आशंका से चौकी में अफरा-तफरी मच गई। स्मृति नगर चौकी प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसका उपचार कराया गया। पूछताछ में पता चला कि उसने बल्ब का पीछे का हिस्सा चबा लिया था इस कारण उसके मुंह से खून गिर रहा था। आरोपी नशे का आदी है और अपराधी प्रवृत्ति का है। पुलिस को भ्रमित करने के लिए यह नौटंकी किया।

## थल सेना में नौकरी लगवाने के नाम पर 3 लाख 80 हजार की ठगी

**भिलाई, 17 अप्रैल।** थल सेना में ट्रेडमैन की नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लोगों ने मिलकर एक युवक से तीन लाख 80 हजार रुपये की ठगी की है। रुपये लेने के बाद आरोपितों ने शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की ज्वाइनिंग लेटर नहीं दिया। जब पीड़ित ने ज्वाइनिंग लेटर के संबंध में चर्चा की तो उसे लगातार घुमाया जाता रहा।। इसके बाद उसने सुपेला थाना में शिकायत की जिसके आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की है। पुलिस ने बताया कि मंडी पारा वार्ड 11 आमदी धमतरी निवासी खलेंद्र कुमार साहू की शिकायत पर 18 नंबर रोड कैंप- 1 स्टील नगर प्रज्ञा विद्यालय के पीछे रहने वाले शैलेष शर्मा, मनोज और लक्ष्मण राव के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की गई है। सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 में आरोपित शैलेष शर्मा ने पीड़ित से कहा था कि वो उसकी सेना में ट्रेडमैन की नौकरी लगवा सकता है। सेना में पटना निवासी मनोज नाम का एक अधिकारी है। जिसके माध्यम से वो नौकरी लगवा सकता है। आरोपित की बातों पर भरोसा करते हुए शिकायतकर्ता ने सेना की नौकरी पाने के लिए आरोपित को 23 सितंबर 2019 से लेकर अब तक किस्तों में तीन लाख 80 हजार रुपये दे दिए। शिकायतकर्ता ने शैलेष शर्मा, मनोज और लक्ष्मण राव के खातों में रुपये जमा किए थे। रुपये देने के बाद भी जब शिकायतकर्ता को नियुक्ति पत्र नहीं मिला तो उसने आरोपित शैलेष शर्मा से मुलाकात की और नियुक्ति पत्र के संबंध में चर्चा की आरोपित ने आज कल में नियुक्ति पत्र मिलने की बात कहकर उसे घुमाना- शुरू कर दिया इससे शिकायतकर्ता को अहसास हुआ कि वो ठगी का शिकार हुआ है। इसके बाद उसने सुपेला थाना में घटना की शिकायत की जिसके आधार पर तीनों आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की गई है।

# भाजपा मध्य मण्डल की बैठक में दिया मूलमंत्र बूथ जीता चुनाव जीता:पवन साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 17 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी मध्यमण्डल की बैठक रेस्ट हाउस पाटन में आयोजित किया गया था द्य जिसमे बूथ सशक्तिकरण एवं संगठनात्मक विषयो पर चर्चा किया गया । बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री पवनसाय जी ने कहा कि भाजपा की विचारधारा को जनजन तक पहुंचाने में पार्टी के कार्यकर्ता अपनी महती भूमिका का निर्वहन करे । अंतिम पंक्ति के लोगो तक केंद्र सरकार की मूलभूत योजनावो को पहुंचाने में मदद करे । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सोच गांव गरीब किसान को लाभ पहुंचाकर उसके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है । केंद्र की हरेक योजना का लाभ प्रदेश की हर जनता को मिले इसके लिए पार्टी के कार्यकर्ता पूरी जवाबदारी से काम करे । मेरा बूथ सबसे मजबूत इसको मूलमंत्र मानकर अपने बूथ में भाजपा कैसे जीतेगी इस पर चिंतन करे द्य शक्तिकेन्द्र, बूथ और पन्ना प्रभारी की रचना को पूर्ण कर लेवे । बूथ जीता चुनाव जीता इस ओर काम करे द्य विधानसभा में जीत की शुरुवात पाटन विधानसभा से शुरू होनी है इसलिए कार्यकर्ता अपने मिशन में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ भिड़ जाए । बैठक को सम्बोधित करते हुए जितेंद्र वर्मा ने कहा कि भाजपा के एक एक कार्यकर्ता लाखो के बराबर है किसी से कमजोर नही है द्य भय, भूख, भ्रटाचार और आतंक का पर्याय बन चुकी भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा के कार्यकर्ता पूरे जोश में है द्य मैदान में उतरने से पहले अपनी बूथ संरचना की पूरी तैयारी कर लेवे द्य जितेंद्र वर्मा के द्वारा प्रस्ताव लाया गया जिसमें बेमेतरा जिला के बिरनपुर गांव में हुए जघन्य हत्याकांड में साहू समाज के होनहार बेटा भुनेश्वर साहू का तथाकथित जेहादी विचारधारा के लोगो ने हत्या कर दिया द्य जिसके लिए प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को दस लाख की राशि और शासकीय नौकरी देने की बात कही द्य यही वह मुख्यमंत्री है जिसने लखीमपुर में जाकर किसानों को पचास पचास रुपये देकर आये थे और अपने स्वयं के प्रदेश में घटित घटना में सिर्फ दस लाख देना परिवार के साथ सिर्फ मजाक है द्य भारतीय जनता पार्टी मांग करती है कि सहायता राशि के रूप में एक करोड़ रुपये एवं जिस प्रकार से स्व महेंद्र कर्मा के मृत्यु उपरांत उसके परिवार को राजपत्रित अधिकारी की नौकरी प्रदान किया था उसी प्रकार भुनेश्वर साहू के परिवार को राजपत्रित अधिकारी की नौकरी दिया जाय साथ ही दोषियों को फांसी मिले ऐसा समिति गठित करे द्य राजीव अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पुनः भाजपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता कांग्रेस सरकार की नाकामियों को जन जन तक पहुंचाए द्य सरकार में आने से पहले गंगाजल की कसम खाकर अपने जनघोषणा पत्र में किये गए छत्तीसवादों को पूरा करने का वचन दिया था द्य आज साढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी कोई भी घोषणा धरातल पर दिखाई नही देता द्य छत्तीसगढ़ को कर्जा में डालकर खुद घी पीने का काम भूपेश सरकार कर रही है द्य जनता त्रस्त है कांग्रेस के लोग मस्त है द्य चारो तरह भय का वातावरण बनाकर अंधेर नगरी चौपट राजा की तर्ज पर शासन जारी है द्य बैठक में अपने विचार रखते हुए सच्चिदानंद उपासने ने कहा कि परिवर्तन की बेला है अपने कार्यव्यो से एक इंच भी पीछे नही रहना है द्य अभी तक शक्तिकेन्द्र तक गया हूं आगे बूथ स्तर तक जाकर पन्ना प्रभारी तक काम खड़ा करूँगा । प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने महिलावो के साथ जो विश्वास घात करने का काम किया हैद्य शराब बंदी का नारा लगाकर सत्ता में आई और आने के बाद अपने वादे को भूल गयी महिलाएं पूछती है कहा गया तेरा वादा कहा गयी तेरी गंगाजल कसमें कहा गयी द्य समय आने दे भूपेश जी जो आपको सर आंखों पर बिठा सकती है वही सत्ता से भगा भी सकती है द्य आज पूरा प्रदेश के कर्मचारी वर्ग हड़ताल में जा रहे है शासन का काम अव्यवस्थित हो चुका है द्य ये कांग्रेस शासन की नाकामी का जीता जागता उदाहरण है द्य हर वर्ग नाखुश है । प्रदेश में चारो तरफ भयावह स्थिति बन चुकी है । भाजपा पार्टी संस्कारवान पार्टी है जो बोलती है वो करती है । छत्तीसगढ़ में पंद्रह साल तक गरीबो के कल्याण के लिए कार्य करते रही है द्य भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद पर श्रीमती दिव्या कलिहारी, जिलामंत्री चन्द्रिका साहू, हर प्रसाद आडिल उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति के मनोनयन पश्चात मध्यमण्डल के द्वारा सम्मान किया गया द्य बैठक का संचालन हरिशंकर साहू महामंत्री एवं आभार प्रर्शन खेमलाल साहू मण्डल अध्यक्ष ने किया द्य बैठक में प्रमुख रूप से पवन साय प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री, राजीव अग्रवाल प्रभारी जिला भाजपा दुर्ग, जितेंद्र वर्मा जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्ग, सच्चिदानंद उपासने प्रभारी पाटन विधान सभा, श्रीमती दिव्या साहू जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, श्रीमति हर्षा चन्द्राकर जिला पंचायत सदस्य, खेमलाल साहू अध्यक्ष मध्यमण्डल, लालेश्वर साहू दक्षिण मण्डल अध्यक्ष, लोकमनी चन्द्राकर उत्तर मण्डल अध्यक्ष, छगन साहू मण्डल प्रभारी, दिलीप साहू जिला उपाध्यक्ष, हरप्रसाद अडिल उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, श्रीमती चन्द्रिका साहू जिला मंत्री, शरद बघेल पूर्व मण्डल अध्यक्ष, हरि शंकर साहू, विनय चन्द्राकर मण्डल महामंत्रिद्वय, राजा पाठक सांसद प्रतिनिधि, योगेश निक्की भाले नेता प्रतिपक्ष, दिनेश साहू उपाध्यक्ष, हर्ष भाले उपाध्यक्ष, होरीलाल देवांगन कोशाध्यक्ष, अखिलेश मिश्रा, देवानंद निषाद, संतोष घिरवानी मंत्री, कुणाल शर्मा अध्यक्ष युवा मोर्चा, श्रीमती निशा सोनी अध्यक्ष महिला मोर्चा, रामनारायण साहू अध्यक्ष किसान मोर्चा, पारखत साहू अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा, श्रीमति ज्योति चोपड़ा कन्या शक्ति, शक्तिकेन्द्र प्राभारी गन टीकाराम देवांगन पतोरा, डॉ सुरेश साहू बोदल, दामोदर चक्रधारी तेली गुंडरा, शक्तिकेन्द्र संयोजक सह संयोजकगन देवचरण कौशल, रमेश देवांगन, महेंद्र साहू, जय वर्मा, प्रेमसागर वंशी, सुनील वर्मा, गजेंद्र सिन्हा, सरजू मरकाम, छबिश्याम देवांगन, संतोष वर्मा , बलवंत वर्मा, मनेंद्रदास वैष्णव, महेंद्र यदु, ज्योतिप्रकाश साहू, मन्थिर साहू पोषण साहू, नेतराम साहू, समीर बंछोर, भास्कर वर्मा, खोरबाहर साहू, शशिकांत देवांगन, बाबा वर्मा, केशव बंछोर, देवेंद्र साहू, यशवंत साहू, डगेश्वर वर्मा, ध्रुव कुमार वर्मा, सुजान सिंह वर्मा, संतराम साहू, नारायण पटेल, शत्रुहन साहू, भजनलाल साहू, रामनरेश साहू, भगवती साहू, लीलाधर साहू, शुभम सोनवानी, मिनेश्वर साहू , पुष्कर साहू, योगेश सोनवानी, अजयदास वैष्णव, नारायण वर्मा, रेखराम, शंकर यदु, संतराम यादव, मिलन देवांगन, यशवत सेन, जयंत भाले, कमलनारायण साहू, लेखक नायक, रेखराम साहू, मोहित साहू, टिकेंद्र यादव, हिरामन कौशिक, यशवंत साहू, जगनू साहू, धनेश यादव, जोहन नायक, धनुष राम यदु, रोशन यदु, शिवकुमार साहू, राजेन्द्र वर्मा, पालूराम साहू, श्रीमति ललित साहू, यतेश्वर गोस्वामी, बेनीराम साहू, आकाश तिवारी, ओमप्रकाश साहू, विष्णु, नोहर सिंह बघेल, नारायण रात्रे, नम्मू साहू, चित्रसेन साहू, हरिशंकर साहू, यमन कुमार मडरिया, रेखराम साहू, लक्ष्मण साहू, संतोष साहू सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# संतों ने लोगों को समानता के साथ जीने का मार्ग बताय: मुख्यमंत्री

## नवा रायपुर में संत रविदास के नाम से चौक का होगा नामकरण

**रायपुर, 17 अप्रैल।** संतों ने लोगों को समानता के साथ जीने का मार्ग बतायासंतों ने लोगों को समानता के साथ जीने का मार्ग बतायासंतों ने लोगों को समानता के साथ जीने का मार्ग बताया मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज महादेव घाट रोड स्थित सतनाम भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ मेहर समाज के प्रदेश स्तरीय सामाजिक एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महान संत श्री रविदास ने कर्म को ही पूजा कहा। कोई काम छोटा नहीं होता है। लोग अपने विचारों से छोटे होते हैं। भक्तिमार्ग में संत रविदास का नाम पूरी दुनिया में श्रद्धा से लिया जाता है। संतों ने लोगो को समानता के साथ जीने का मार्ग बताया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नया रायपुर में संत रविदास के नाम से चौक का नामकरण तथा रविदास की जयंती मनाने के लिए प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की।




मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि संविधान में लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है। राज्य में आर्थिक रूप से कमजोर तबकों को मजबूत करने तथा उनको योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 1 अप्रैल से सर्वे का कार्य किया जा रहा है। राज्य में किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने अब अगले सीजन से 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जाएगी। ग्रामीण औद्योगिक पार्क से लोगों को परंपरागत कार्यो को करने का अवसर मिलेगा। आम नागरिकों के लिए सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि क्षेत्र में कार्य किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आदर्श विवाह कर नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले चार जोड़ो को आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही समाज के उत्कृष्ट कलाकार, विभिन्न राजनीतिक पदों पर आसीन समाज के प्रतिनिधियों, समाज के 6 लोगों को मेहर रत्न तथा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री खिलावन बघेल ने सलाहकार परिषद बोर्ड और आयोग में समाज को प्रतिनिधित्व देने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि समाज की गरिमा के अनुरूप छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड का गठन किया गया, इसके लिये सम्पूर्ण समाज अनुग्रहित हुआ है।

इस अवसर पर संसदीय सचिव और रायपुर पश्चिम विधायक श्री विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री तरुण बिजौर, समाज के अन्य सामाजिक प्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## एक नजर

### महापौर ने दी सेन जयंती की बधाई

**राजनांदगांव 17 अप्रैल।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सेन जयंती के अवसर पर सेन समाज के लोगों को बधाई देते हुये उनके बताये मार्गो पर चलने की अपील की। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि महाराज संत सेन बचपन से ही विनम्र दयालु और ईश्वर में दृढ़ विश्वास रखने वाले व्यक्ति थे। सेन महाराज ने गृहस्थ जीवन के साथ साथ भक्ति के मार्ग पर चलकर भारतीय संस्कृति के अनुरूप जन मानस को शिक्षा और उपदेश के माध्यम से एकरूपता में पिरोया उन्होंने प्रत्येक जीव में ईश्वर का दर्शन करने तथा सत्य अहिंसा और प्रेम का संदेश जीवन पयान्त दिये। सेन महाराज वृद्धा अवस्था में काशी चले गये और वही कुटीया बनाकर रहने लगे तथा लोगों को अपना जीवन सफल बनाने उपदेश देने लगे। उन्होंने पुनः सेन जयंती की शुभकामनाएं देते हुये उनकी जयंती को उमंग एवं उल्लास के साथ मनाने की अपील किये।

### भारत की सांस्कृतिक एकता दुनिया में एक मिसाल:अशोक बजाज



**रायपुर 17 अप्रैल।** जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने ग्राम रवेली, आमदी एवं परसदा में आयोजित रामायण सम्मेलन में शिरकत की तथा अपने संबोधन में कहा कि धर्मांतरण एवं मतांतरण के माध्यम से इन दिनों सनातन धर्म को कमजोर करने की कोशिश लगातार हो रहे हैं, इससे गांव गांव में अशांति और अराजकता का माहौल बन रहा है. इसे रोकने के लिए सामाजिक जागरूकता अति आवश्यक है. उन्होंने कहा कि भगवान राम ने उत्तर से दक्षिण तक पग पग नाप कर भारत में सांस्कृतिक एकता स्थापित की, भारत की सांस्कृतिक एकता दुनिया में एक मिसाल है. इसे अक्षुण्ण बनाए रखना हम सब का परम कर्तव्य है. इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पारसनाथ साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष चूड़ामणि निर्मलकर, सरपंच चंद्रकांत सोनकर, अशोक अग्रवाल, प्रशांत ठाकुर, बहादुर अग्रवाल, रमाशंकर, राधेश्याम पटेल, पूर्णिमा हुलास साहू, जगदीश चंद्र साहू, गंगा राम साहू, सीताराम साहू, राजेश निषाद, जीवन साहू, मायाराम ध्रुव, संतोष वर्मा, गयाराम वर्मा, नकुल निषाद, दाऊलाल निषाद , पुनीत निषाद, खेमू सिन्हा, प्यारेलाल साहू, रामसिंह साहू, बाबूलाल साहू, सोनूराम साहू, हेमू राम बंजारे, हीरावन साहू, गणपत साहू, मनोहर साहू, मुकेश बंजारे, शालिग्राम सोनकर, रामेश्वर निषाद, रुपेश सिन्हा, गयाराम निषाद, छन्नू निषाद, चम्मन निषाद, नीलकंठ सोनकर, दूजराम सिन्हा, लीलाराम सोनकर, दुकलहा निषाद, तिलक निषाद, हेमलाल सोनकर, भूपेंद्र सोनकर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा 23 अप्रैल को

**जगदलपुर, 17 अप्रैल।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 23 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। इस परीक्षा हेतु बस्तर जिले के 06 विकासखण्डों के 08 परीक्षा केन्द्रों में से विकासखण्ड बकावण्ड के एकलव्य विद्यालय करपावण्ड एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय करपावण्ड में, विकासखण्ड बस्तर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बस्तर एवं स्वामी आत्मानदं विद्यालय बस्तर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह विकासखण्ड तोकापाल, दरभा, बास्तानार एवं लोहण्डीगुड़ा मुख्यालय में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इन आठ परीक्षा केन्द्रों पर 1728 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। पात्र विद्यार्थी एकलव्य विद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन क्रमांक एवं मोबाईल नम्बर की सहायता से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं। डाउनलोड करने में किसी तरह की कठिनाई होने पर पात्र विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र हेतु अपने विकासखण्ड के संयोजक एवं एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

### बूथ सशक्तिकरण महाभियान विधानसभा समीक्षा करेंगे भाजपा प्रमुख नेता

**रायपुर 17 अप्रैल।** रविवार सुबह जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल के नेतृत्व में बूथ सशक्तिकरण के संबंध में अवश्य बैठक आहूत की गई बैठक का मुख्य उद्देश्य 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक होने वाली समीक्षा बैठकों हेतु सभी जिला एवं मंडल पदाधिकारियो को उचित दिशानिर्देश प्रदान करना था चूँकि समीक्षा बैठक हेतु भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह , क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल , राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय उपस्थित रहेंगी इसलिए सभी प्रभारियों को पूरी तैयारी के साथ आने के दिशा निर्देश दिए गए है समीक्षा विधानसभा वार की जाएगी कितना कार्य पूर्ण हुआ और यदि अधूरा है तो उसके पीछे क्या समस्या है ग्रामीण में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह , रायपुर पश्चिम क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल , रायपुर दक्षिण एवं उत्तर की समीक्षा बैठक राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय लेंगी ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व ने हर जिले के बूथों की मजबूती हेतु महाभियान चलाया है प्रदेश भाजपा को भी बूथ सशक्तिकरण अभियान चला कर विभिन्न बिंदुओं के आधार पर बूथ में अलग अलग टोली निर्माण के दिशा निर्देश दिए गए एवं जिला नेतृत्व को निर्धारित दिशानिर्देशों के आधार पर बूथ में टोली निर्माण का लक्ष्य दिया गया था भाजपा रायपुर शहर जिला ने जयंती भाई पटेल के नेतृत्व में नियत तिथि तक बूथ सशक्तीकरण का कार्य लगभग पूर्ण किया जा चुका है केंद्रीय दिशनिर्देशों के आधार पर , विभिन्न बिंदुओं के आधार पर जिसमे प्रभावी मतदाता प्रमुख , वरिष्ठ मतदाता प्रमुख , युवा प्रमुख , समाजिक प्रमुख , व्हाट्स ग्रुप निर्माण , बूथों की, क्र ष्ट के आधार पर ग्रेडिंग करना और हितग्रहि प्रमुख का निर्माण करना जैसे अन्य बिंदुओं के आधार पर बूथ सशक्तिकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है ।

# खुशियों को जीवन में आने दो, कार्यक्रम का ब्रम्हाकुमारीज नगरी में हुआ शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी/नगरी 17 अप्रैल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी के तत्वावधान में अष्ट दिवसीय राज योग शिविर ÷खुशियों को जीवन में आने का अवसर दो ÷का शुभारंभ दिनांक 16 अप्रैल को राज ऋषि भवन विवेकानंद वार्ड- 7 में किया गया प्रातः कालीन सत्र में शिविर के मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी प्राज??क्ता दीदी( वरिष्ठ राजयोगी शिक्षिका धमतरी) एवं श्रीमती दिनेश्वरी नेताम (अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी )महमूदा खान (प्राचार्य आदर्श विद्या मंदिर नगरी ),श्रीमती सुनीता निर्मलकर, श्रीमती ललिता साहू ,श्रीमती विनीता कोठारी ,श्री जितेंद्र ध्रुव श्री टिकेश्वर ध्रुव (पार्षद गण) दीपप्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया संध्या कालीन सत्र में डॉ लक्ष्मी ध्रुव ( विधायक नगरी) श्रीमती अंबिका मरकाम (उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी ),श्रीमती विमला मरकाम ,श्रीमती नंदनी कंचन, श्रीमती उषा गोलछा उपस्थित रहे राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्राजक्ता दीदी ने प्रथम दिवस के विषय ÷मन की सैर ÷को बहुत ही सुंदर अनुभूतियों के साथ बताए साथ ही तनाव मुक्त जीवन के तीन सिद्धांत बताए(1) सकारात्मक चिंतन(2) यह वक्त भी गुजर जाएगा (3)



शुभ भावनाएं यह भी कहा कि मन को शक्तिशाली बनाओ एवं समस्या को भगाओ हमारे मन का वातावरण व जीवन के ऊपर बहुत प्रभाव पड़ता है, हमारे दो मन होते हैं अंतर्मन और बाह्र मन और कहा विज्ञान के बड़े-बड़े चमत्कार अंतर मन की शक्ति से ही हुए है एवं शुभ भावनाओं के प्रयोग से जीवन मे अदभुत चमत्कार भी बताएं। श्रीमती दिनेश्वरी नेताम( अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी) ने कहा कि राज योग शिविर हम सब नगर वासियों के लिए बहुत ही लाभदायक है एवं गर्व का विषय है ,हमें इसका लाभ जरूर लेना है और साथ ही सबको इस शिविर में हिस्सा लेकर लाभ लेने की अपील की। मुख्य अतिथि श्रीमती डॉ.लक्ष्मी ध्रुव (विधायक नगरी) ने कहा कि खुशी हमारे लिए बहुत ही आवश्यक है हम सब जीवन में जो कार्य करते हैं खुशी प्राप्त करने के लिए ही करते हैं ब्रम्हाकुमारी बहनों की सराहना करते हुए कहा कि यह बहने सामाजिक एवं आध्यात्मिक रीति से सभी को सशक्त करने का काम करते हैं जब समय समय पर ऐसे शिविर का आयोजन होता है तो हम सबको अपना समय जरूर देना है एवं सभी नगर वासियों को इस शिविर से लाभ लेने की अपील की कार्यक्रम की शुरुआत में ब्रह्मा कुमार मयंक भाई ने बहुत सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। साथ ही श्रीमती निशा साहू ने मंच संचालन किया।

# 40 लाख रूपये लेकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 17 अप्रैल।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना बसंतपुर के अपराध क्रमांक 163/2023 धारा 420, 467, 468, 471 भादवि के प्रार्थीया विनिता मदान पिता सुभाष मदान निवासी कौरिनभाठा राजनांदगांव की लिखित शिकायत पर शिकायत जांच पश?चात दिनांक 12.04.2023 को पंजीबध्द किया गया। आरोपी गिरधर लाल साहू जो पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव में ट्रेड आरक्षक के पद पर पदस्थ है के द्वारा प्रार्थीया विनिता मदान तथा उसके भाई विवेक मदान से दिनांक 23.08.2022 को ग्राम पेण्ड्री राजनांदगांव के खसरा नंबर 625 रकबा 50X90 को बिक्री करने का इकरारनामा कर कुल राशि 40 लाख रूपये जिसमें से 30 लाख रूपये अपने बैंक खाता में चेक लेकर तथा 05 लाख रूपये अपने पत्नी के बैंक खाता में जमा कराया तथा 05 लाख रूपये नगद लेकर उक्त जमीन बिक्री का इकरारनामा तैयार किया परन्तु बिक्री न कर आनाकानी कर परेशान कर रहा था रकम भी वापस नहीं करने से विनिता मदान द्वारा शिकायत दिया गया शिकायत में अपराध पाये जाने से कायम कर विवेचना में पाया गया कि, आरोपी गिरधर लाल साहू अन्य व्यक्ति की जमीन खसरा नंबर 625 पेण्ड्री को अपनी बताकर रकम लेकर बिक्री इकरारनामा निष्पादित किया है। तहसीलदार राजनांदगांव से प्राप्त रिपोर्ट से पुष्टि हुई है आरोपी गिरधर लाल साहू द्वारा उक्त 40 लाख रूपये में से 30 लाख रूपये को मेंडिकल कालेज पेण्ड्री के पास अपनी तथा अपने बहनों के शामिलात खाता के जमीन में होटल रेस्टोरेन्ट का निर्माण करा रहा है जो प्रकरण से संबंधित होने से जप्ती कार्यवाही की गई, कि अपराध पाये जाने से आरोपी गिरधर लाल साहू पिता स्व0 लेखराम साहू उम्र 41 साल साकिन पेण्ड्री हाल पता पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव थाना कोतवाली राजनांदगांव को दिनांक 15.04.2023 को 18:45 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में धोखाधड़ी के गंभीर मामले में त्वरित कार्यवाही टीम बनाकर थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक शिव चन्द्रा, उनि हरिश?चन्द्र मिश्रा, सउनि डेजलाल मांडले, आरक्षक विभाष राजपूत, मुंज लाल ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही।

# नगर निगम में चला स्वच्छता अभियान, फाईलों का हुआ संधारण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 अप्रैल।** नगर निगम कार्यालय में आज प्रातः स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके तहत अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने अपने कमरे एवं निगम परिसर की सफाई किये एवं फाईलो का संधारण किये। प्रत्येक महीने के तीसरा शनिवार को सुबह 8 बजे से अपने कार्यालयों की साफ सफाई करने एवं दस्तावेंज का संधारण करने जिलाधीश श्री डोमन सिंह के निर्देश पर स्वच्छता अभियान के तहत निगम के समान्य प्रशासन, महापौर व अध्यक्ष कार्यालय, लोककर्म,



राजस्व, स्वास्थ्य विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने अपने कक्ष की सफाई किये तथा सभागृह, निगम परिसर मे सफाई कर कचरा उठाया गया। साथ ही कार्यालय के दस्तावेंजों का संधारण भी किया गया। इसके अलावा परिसर एवं निगम के उद्यान से छिल्ली पन्नी उठाकर, कटीली झाडिया एवं घास काटा गया। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि कलेक्टर महोदय की मंशानुरूप अवकाश के दिन माह के तीसरा शनिवार को अपने अपने कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाने के अनुक्रम में आज नगर निगम में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया गया और फाईलों का संधारण किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन अवधि में सरकारी कामकाज के कारण कार्यालय की ठीक से सफाई एवं फाईलों का संधारण नहीं हो पाता, अवकाश के दिन निर्देशानुसार तीसरे शनिवार को सफाई अभियान चलाने से सफाई के साथ साथ फाईलो का संधारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में साफ सफाई करने फाईलों का संधारण करने से स्वच्छ वातावरण निर्मित होता है जिससे काम करने में उत्साह आती है। स्वच्छता अभियान में अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्यालय की सफाई कर फाईलो का संधारण किये।

# कुरीतियों पर शिक्षा भारी,विधवा मां ने सौंपा मौर!




**अंवरी 17 अप्रैल।** समाज में जैसे जैसे शिक्षा का प्रसार हो रहा है। कई सामाजिक कुरीतियां दूर होते जा रही है।अभी तक विधवा महिलाओं को परिवार में हो रहे शुभ कार्यों से दूर रखा जा रहा था।परंतु अब सामाजिक जागरूकता आने के कारण विवाह जैसे शुभ कार्यों में साहू समाज के द्वारा सामाजिक नियमावली में परिवर्तन कर विधवा महिलाओं को मौर सौंपने प्रेरित किया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम बोरझरा में पुष्पा साहू ने अपने बेटे जनक लाल के विवाह में बिहान के महिलाओं एवम समाज प्रमुखों के द्वारा प्रेरित करने पर मौर सौंप कर बारात को भेजा तथा बारात वापसी होने पर भी मौर सौंपा। बिहान की सक्रिय महिला निर्मला रात्रे ने बताया की बोरझरा में ऐसा पहली बार हुआ की जब किसी विधवा महिला ने अपने बेटे का मौर सौंपा है।इससे और भी लोगों को प्रेरणा मिलेगा और धीरे धीरे यह सामाजिक कुरीति दूर हो पाएगा। ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष डोमन लाल साहू ने बताया की लंबे समय से चली आ रही कुप्रथाओं को तोड़ते हुए विधवा मां को भी अपने पुत्र-पुत्री के विवाह में परंपरा के अनुरूप सभी रस्मो की अदायगी में शामिल होने का अधिकार देने सामाजिक नियमावली में संशोधन किया हैं अब उसका पालन भी गांवों में नजर आ रहा हैं। विधवा मां पुष्पा साहू ने अपने पुत्र का मौर सौंपा।जिसमे बिहान की महिलाओं का विशेष योगदान रहा है। इस अवसर पर साहू समाज के पदाधिकारी,बिहान के चारों जीएमटी सोसल एक्शन कमेटी, अंजू साहू, हवेश्वरी साहू,हेमा साहू,सक्रिय महिला निर्मला रात्रे, आईसीआरपी उर्वशी सिन्हा, वीओ सहायिका टूमेश्वरी साहू मौजूद थे।

# जल जीवन मिशन ठेकेदारों की मनमानी से गुणवत्ता को लेकर उठ रहे कई सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खैरागढ़ 17 अप्रैल।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर तक नल कनेक्शन के माध्यम से पानी पहुँचाने के उद्देश्य से जारी जल जीवन मिशन में ठेकेदार व अधिकारियों की मिलीभगत के चलते ग्रामीण क्षेत्रो में निर्माणाधीन पानी टँकी एवं पाइपलाइन विस्तार सहित घरों में बनाये जा रहे फाउंडेशन में जमकर भ्र्ष्टाचार किया जा रहा है जिससे यह कयास लगाया जा रहा है कि अधिकारी सिर्फ इस योजना को खानापूर्ति करने में लगे हुए हैं। साथ ही गुणवत्ता की बात करे तो पानी टँकी निर्माण में पानी तराई नही होने से कई जगह के पानी टँकी लोकार्पण से पहले ही दरार पड़ने लगा है जिसको लिपापोती करने के लिए अधिकारी



व ठेकेदार साठगांठ करने में लगे हुए हैं। नही लगाए हैं सूचना पटल-अधिकतर ग्राम पंचायतों में चल रहे पानी टँकी निर्माण से सम्बंधित जानकारी छिपाने के उद्देश्य से सूचना पटल भी नही लगाया गया है जिससे ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार को सम्बंधित विभाग द्वारा संरक्षण मिल रहा है जिसके कारण सूचना पटल नही बना रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधियों की नही सुनते ठेकेदार-ग्राम पंचायतों में चल रहे पानी टँकी निर्माण में पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा ठेकेदारों के कार्य की शिकायत अधिकारी से करने पर कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण ठेकेदारों के हौसले बुलंद हो गए हैं।निरीक्षण नही करते अधिकारी-जल जीवन मिशन के तहत बनाये जा रहे पानी टँकी एवं पाइपलाइन विस्तार कार्यो का बड़े स्तर के अधिकारी निरीक्षण नही करने से ठेकेदारों के द्वारा चवन्नी छाप काम करके ग्रामीण विकास के पैसे को बंदरबाट करने में लगे हुए हैं यदि बड़े स्तर के अधिकारियों द्वारा निर्माणाधीन पानी टँकी का निरीक्षण किया जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है।

### मुख्यमंत्री ने 'भगवान परशुराम जयंती महोत्सव' के पोस्टर का किया विमोचन

**रायपुर, 17 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज शाम अपने निवास कार्यालय में श्री गौड़ ब्राम्हण समाज संस्था रायपुर द्वारा प्रकाशित पोस्टर ''भगवान परशुराम जयंती महोत्सव'' का विमोचन किया। यह महोत्सव राजधानी के समता कॉलोनी स्थित मंगलम भवन में 22 अप्रैल को आयोजित होगा। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं विप्र महासंगोष्ठी का आयोजन किया गया है। संस्था ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। इस अवसर पर श्री गौड़ ब्राम्हण समाज संस्था रायपुर, गुढ़ियारी, कबीर नगर और रायपुर विप्र समाज के विभिन्न इकाईयों के पदाधिकारी शामिल थे।

### भुनेश्वर शोभा राम बघेल ने किया पटेल समाज भवन का भूमिपूजन व अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण



**राजनांदगांव 17 अप्रैल।** ग्राम पंचायत खैरा ब के आश्रित ग्राम भटगांव में रविवार को पटेल समाज भवन का भूमिपूजन एवं अन्य विकास कार्यो की लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुनेश्वर शोभा राम बघेल विधायक डोंगरगढ़ अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त, श्री रतन लाल यादव जी अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी घुमका, श्री नेमदास साहू जी सरपंच ग्राम पंचायत खैरा ब, श्री मंथीर साहू जी विधायक प्रतिनिधि डोंगरगढ़ श्री रोहित पटेल जी समाज प्रमुख, श्री दयाल सिंह साहू जी, विजय कुमार साहू जी, उपसरपंच भटगांव तथा पटेल समाज के सभी सामाजिक बंधुओं एवं समस्त ग्रामवासी भटगांव की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## नगरीय प्रशासन विकास मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को किया प्रमाण पत्र एवं चेक वितरण

# नगरीय निकाय में नागरिकों के जीवन स्तर में हुआ सुधार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 अप्रैल।** नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम विभाग मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज नगर पालिक निगम राजनांदगांव में शहर के विभिन्न स्थानों में डामरीकरण कार्य एवं रामकृष्ण नगर चौक में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापना का भूमिपूजन किया। नगरीय प्रशासन विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत नागरिकों को आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, 0-5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड, पेन कार्ड सहित अन्य घर पहुंच सेवाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में ब्रांडेड एवं जेनेरिक दवाईयों पर 70 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। वहीं मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से जनसामान्य का निःशुल्क ईलाज किया जा रहा है तथा निःशुल्क दवाईयां दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के




नेतृत्व में नगरीय निकाय में नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार तथा गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं व अधोसंरचना मजबूत करने की दिशा में निरूतर कार्य किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने इस दौरान नगर तथा ग्राम निवेश नियमितीकरण, मितान योजना, बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र तथा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत सुपोषण किट, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत हितग्राहियों को बैंक लिंकेज चेक वितरण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत मोर जमीन मोर आस रेंटल पॉलिसी के हितग्राहियों को मकान की चाबी एवं मोर जमीन मोर मकान के हितग्राहियों को उत्कृष्ट आवास निर्माण प्रमाण पत्र तथा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत डॉ. खूबचंद बघेल स्वसहायता योजना के आयुष्मान कार्ड तथा मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के हितग्राहियों को चेक वितरण किया। जागृति उत्पादक समूह ने नगरीय विकास मंत्री को प्राकृतिक गोबर पेंट भेंट किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, अध्यक्ष नगर पालिका निगम श्री हरिनारायण धकेता, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका निगम श्री किशन यदु, सदस्य लोककर्म विभाग नगर पालिका निगम श्री मधुकर बंजारी, पार्षद श्रीमती सुनिता फडनवीस, पार्षद श्रीमती टुमेश्वरी उईके, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, आयुक्त नगर पालिका निगम डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी व बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर, 17 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति और शिक्षाविद, भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 17 अप्रैल को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने कहा है कि डॉ. राधाकृष्णन जी शिक्षा को एक मिशन मानते थे। उन्होंने एक आदर्श शिक्षक के रूप में अपने जीवन में शिक्षा के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता को निभाया। उन्होंने समाज, धर्म, दर्शन का गहरा अध्ययन किया और कई पुस्तकें लिखीं। डॉ. राधाकृष्णन की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें संविधान निर्मात्री सभा का सदस्य बनाया गया।

संपादकीय

# यह तो हद हो गई

राजनीति में उस नेता के बयान का कोई मतलब होता है जो कोई बात कहता है तो उस पर कायम रहता है। जो नेता अपनी कही बात पर कायम नहीं रहता है। राजनीति में उसका ऊंचा स्थान नहीं होता है। राजनीति में ईमानदारी अब कम होती जा रहा है, ईमानदार नेता कम होते जा रहे हैं। इसलिए राजनीति में जो ईमानदार नेता बचे हैं जनता उनकी इज्जत करती है, उनकी बात सुनती है, उनकी बात मानती है, पीएम मोदी देश के ईमानदार नेताओं में ऐसे ईमानदार नेता है जिनकी ईमानदारी पर कोई शक नहीं कर सकता। वह कभी अपने मुंह से नहीं कहते हैं कि दुनिया में मैं ही ईमानदार हूं। वह कभी नहीं कह सकते कि अगर मैं ईमानदार नेता नहीं हूं तो दुनिया में कोई ईमानदार नेता ही नहीं है। केजरीवाल को ऐसा नहीं कहना चाहिए था, वह खुद को ईमानदार कहें इस पर किसी को आपत्ति नहीं है। लेकिन वह ऐसा तो न कहें कि अगर में ईमानदार नहीं हूँ दुनियां में कोई ईमानदार नहीं है। इसका मतलब तो यह हुआ कि केजरीवाल ही दुनिया के आखिरी ईमानदार आदमी हैं। अगर वह भ्रष्ट हो गए तो फिर दुनिया में कोई ईमानदार ही न रहा। यह एक ऐसे आत्मुघ्द नेता का बयान है जो समझता है कि वह देश का इतना विश्वसनीय नेता है कि वह जो कुछ कहेगा,जनता उस पर यकीन कर लेगी।केजरीवाल की यह गलतफहमी है कि वह सबसे ईमानदार नेता हैं। वह भ्रष्टाचार के खिलाफ चुनाव लड़कर जीत कर सत्ता में आए ऐसे नेते हैं जिन्होंने भ्रष्टाचार कर राजनीति करने के लिए पैसा बनाया। उनके मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के इतने आरोप लगे हैं कि इससे लगता है कि आप पार्टी को जहां पैसा कमान का मौका लगता है तो वह वहां भ्रष्टाचार करने से चूकती नहीं है।यही वजह है कि उस पर तरह तरह के भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। जितना उनके मंत्रियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगता रहा वह अपने मंत्रियों को कट्टर ईमानदार कहते रहे। यानी केजरीवाल का एक सूत्र है, तुम आरोप लगाते रहो, हम खुद को ईमानदार मानते हैं, मानते रहेंगे। एक के बाद एक मंत्री गिरफ्तार होते रहे लेकिन केजरीवाल यही कहते रहे कि उनको फेंसाया गया है। उन्होंने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया है। वह अपने नेता को ईमानदार बताने के लिए कहते हैं कि कहा जाका है कि आबराकी में 100 करोड़ का घोटाला हुआ है, सैकडो छापे ईडी व सीबहीईआ मार चुकी है लेकिन कहीं से चव्नी भी नहीं मिली है। यानी छपों में पैसा नहीं मिला तो भ्रष्टाचार हुआ ही नहीं है। केजरीवाल की खूबी या कमजोरी कहिए वह खुद ही जज बन जाते है, खुद ही फैसला सुना देते हैं कि वह ईमानदार है, उनके मंत्री ईमानदार हैं। बाकी सब भ्रष्ट है। वह देश के ऐसे नेता है जिन्होंने सत्तारुढ़ दल सहित विपक्ष के ज्यादातर दलों के नेताओं को भ्रष्ट कहा है।वह ऐसा इसलिए करते थे ताकि खुद क उन लोगों की तुलना में ज्यादा ईमानदार बता सकें। लेकिन आज की तारीख में देश में आप पार्टी के नेता केजरीवाल को शायद ही कोई ईमानदार मानता हो। वह मोदी को सबसे ज्यादा भ्रष्ट इसलिए कहते हैं कि वह खुद को सबसे ईमानदार कह सके। वह खुद को पीएम मोदी का विक्लप कहते हैं लेकिन वह ईमानदारी के मामले में मोदी के सामने टिकते नहीं है। पीएम मोदी ईमानदार हैं तथा हमैशा ईमानदार दिखते भी है। जिस जिस कसौटी के आधार पर किसी नेता को ईमानदार माना जाता है ,उन तमाम कसौटी पर पीएम मोदी खरे उतरते हैं,उनकी कोई संपत्ति नहीं है, उनके परिवार की संपत्ति उनके पीएम बनने के बाद नहीं बढ़ी है। उनके साथ परिवार को कोई नहीं रहता । उनके परिवार के किसी व्यक्ति पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। जनता को मोदी हर तरह ईमानदार दिखते हैं जबकि केजरीवाल ईमानादार खुद को कहते हैं लेकिन अपन आचरण से वह जनता को ईमानदार दिखते नहीं है। जनता उसी को ही ईमानदारा मानती है जो हमेशा ईमानदार दिखता है। ईमनदारी को बढ़ावा देता है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मन की बात कहने से शांति मिलेगी। वाहन खरीदने का मन सार्थक होगा। खर्चों में इजाफा होगा लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोतरी इसको संतुलित कर देगी। मन में किसी निर्णय को लेकर दुविधा रहेगी।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**
धन प्राप्ति के स्त्रोत स्थापित होने के योग हैं। किसी विशेष वस्तु की प्राप्ति के लिए धैर्य एवं संयम बना रहेगा। आज आप काफी पैसे बना सकते हैं- लेकिन इसे अपने हाथों से फिसलने न दें।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**
आज आपके प्रयासों से आजीविका में परिवर्तन अथवा नवीन अवसर प्राप्त हो सकेंगे। नए रोमांचक हालात आपको आर्थिक फायदा पहुँचाएंगे। जोखिम के कार्यों से दूर रहना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**
निजी जीवन में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। आकस्मिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। अपने काम करने के तरीकों को बदलें नहीं तो भाइयों से विवाद होंगे। दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आपको कोई सरप्राइज़ मिल सकता है। सत्कर्म में रुचि रहेगी।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**
आजीविका के नए साधन मिलेंगे। वाणी पर संयम रखें। आर्थिक तौर पर बेहतरी के चलते आपके लिए जरूरी चीजें खरीदना आसान होगा। यात्रा संभव है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। मान सम्मान में बढोतरी होगी। संतान के व्यवहार से दुःख होगा।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आजीविका में नए प्रस्ताव मिलेंगे। जो आप के लिए शुभ रहेंगे। मित्रों में वर्चस्व बढ़ेगा। साहस, पराक्रम में वृद्धि संभव है। व्यापार में नए प्रस्तावों से लाभ की संभावना बनती है। अनाज, तेल, पोहा और किराना व्यापारियों के लिए समय उतार चढ़ाव वाला है। स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**
दिन उपयुक्त है। आज के दिन शुरू किया गया निर्माण का कार्य संतोषजनक रूप से पूरा होगा। किसी विशेष कार्य के होने से ईश्वर पर आस्था बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**
अपनी आदतों से जीवनसाथी से तालमेल स्थापित नहीं हो सकेगा। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति के योग बन रहे हैं। प्रसन्नता व आशाजनक वातावरण के कारण प्रयास सार्थक होंगे। कोई बेहतरीन नया विचार आपको आर्थिक तौर पर फायदा दिलायेगा। आज भेंट-उपहार आदि की प्राप्ति संभव है।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**
रोजगार योग प्रबल हैं । वाहन सुख मिलेगा। आर्थिक निवेश में सावधानी रखें। आपको अपना अतिरिक्त समय अपने शौक पूरे करने या उन कामों को करने में लगाना चाहिए, जिन्हें करने में आपको सबसे ज्यादा मजा आता है। शीत से संबंधी विकार हो सकते हैं। कार्यस्थल पर सही निर्णय ले पाएंगे। मित्रों से आर्थिक मदद प्राप्त होगी।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**
व्यापार-व्यवसाय उत्तम रहेगा। निजी समस्या का समाधान होगा। आज के दिन आप ऊर्जा से लबरेज रहेंगे और मुमकिन है कि अचानक अनदेखा मुनाफा भी मिले। कुल मिलाकर फायदेमंद दिन है। लेकिन आंखें बंद करके किसी पर यकीन न करें। मेहमानों का आवागमन बना रहेगा।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**
कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह आप को महत्वपूर्ण पद दिलवा सकता है। सामाजिक दायरा बढेगा। आपकी शौहरत बढ़ेगी और आप आसानी से दूसरे लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**
रोजगार के योग हैं । आज वाणी पर नियंत्रण रखें। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग बनेंगे। अगर आप विशेषज्ञ की सलाह के बिना निवेश करेंगे तो नुकसान मुमकिन है।

# कृषि रोबोटः किसानों का किफायती दोस्त

**नई तकनीक**

**प्रियंका सौरभ**



कृषि क्षेत्र में भारत में किसान घट रहे हैं। कुछ सामान्य वाक्यों को दोहराकर खेती के पेशे को छोड़ रहे हैं कि यह अब लाभदायक नहीं है, दिन-ब-दिन जोखिम भरा होता जा रहा है। इसके नुकसान युवाओं को भी इसमें रुचि नहीं लेने देते हैं। रोबोटिक्स निश्चित रूप से कृषि क्रांति लाएगा। हालांकि आगे की राह बहुत आसान नहीं है। हमें दुनिया की खाद्य जरूरतों को पूरा करने की व्यवहार्यता, स्थिरता और दक्षता की गणना करनी होगी। हालांकि, यह देखना दिलचस्प होगा कि किसान, कृषि-व्यवसायी और उपभोक्ता इस उद्योग के भविष्य को आकार देने के लिए रोबोटिक्स और डिजिटल-मशीनीकरण की शक्ति का उपयोग कैसे करेंगे।

भारत में कृषि उद्योग में पिछले कुछ दशकों में भारी बदलाव आया है। पारंपरिक खेती के तरीकों से लेकर स्मार्ट खेती तक, हमने एक लंबा सफर तय किया है। प्रौद्योगिकी ने अंततः ग्रामीण कृषि की चुनौतियों पर काबू पा लिया है और उत्पादकता बढ़ाने के लिए लगातार उन्नत समाधान लेकर आ रही है। अंतिम उद्देश्य किसानों को बढ़ती आबादी को खिलाने के लिए उच्च उपज वाली फसलों का उत्पादन करने में मदद करना है। इस सतत विकास को प्राप्त करने के लिए, कृत्रिम बुद्धि के साथ संयुक्त तकनीकी विकास ने ड्रोन, नमी सेंसर इत्यादि के आकार में नए-नए गैजेट पेश करने में मदद की है। ऐसा ही एक उदाहरण कृषि रोबोट है। रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी की वह शाखा है जो रोबोट के डिजाइन, निर्माण, संचालन, संरचनात्मक निक्षेपण, निर्माण और अनुप्रयोग से संबंधित है। आज रोबोटिक्स तेजी से बढ़ता क्षेत्र है और यह विभिन्न व्यावहारिक उद्देश्यों की पूर्ति करने वाले नए रोबोटों के अनुसंधान, डिजाइन और निर्माण में जारी है।

भारत में कृषि उत्पादकता और स्थिरता बढ़ाने में रोबोटिक्स फसल और मिट्टी के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए कंपनियां सेंसर और विभिन्न तकनीकों का लाभ उठा रही हैं। विभिन्न एआई और मशीन लर्निंग टूल्स का उपयोग बीज बोने के समय की भविष्यवाणी करने, कीट हमलों से जोखिमों पर अलर्ट प्राप्त करने आदि के लिए किया जा रहा है। कंपनियां एक कुशल और स्मार्ट आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए कई स्रोतों से आने वाले डेटा-स्ट्रीम पर रीयल-टाइम डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर रही हैं। कृषि रोबोट कंपनियां आवश्यक कृषि कार्यों को संभालने के लिए स्वायत्त रोबोट विकसित और प्रोग्रामिंग कर रही हैं, जैसे मानव मजदूरों की तुलना में अधिक मात्रा में और तेज गति से फसल की कटाई। कृषि रोबोट के कुछ उदाहरण है जैसे ग्रीन सीकर सेंसर स्मार्ट मशीन एक पौधे की ज़रूरतों को पढ़ती है और फिर आवश्यक शाकनाशियों के उर्वरक की मात्रा को सटीक रूप से लागू करती है। ग्रीन सीकर एक ऐसी मशीन है जो सेंसर का उपयोग करके पौधे को बताती है कि उसे क्या चाहिए।

रोबोट ड्रोन ट्रैक्टर रोबोट ड्रोन की एक नई पीढ़ी हमारे खेती करने के तरीके में क्रांति ला रही है, विभिन्न रोबोट के निर्माण के साथ, पहली बार रोबोट ड्रोन ट्रैक्टर की घोषणा कृषि मुख्यधारा का हिस्सा बन गई है। रोबोट यह तय करेगा कि कहां बोना है, कब फसल काटनी है और खेत को पार करने के लिए सबसे अच्छा मार्ग कैसे चुनना है। उर्वरक फैलाने के लिए उड़ने वाले रोबोट इली खेतों के ऊपर फसलों की बढ़ती स्थिति की निगरानी करता है, एक स्वचालित उर्वरक प्रणाली के साथ, रोबोट स्वायत्त रूप से उड़ सकता है। फल चुनने वाले रोबोट अनुसंधान अभी भी पूरी तरह से प्रगति पर है, विशेष रूप से रोबोट को सावधानीपूर्वक डिजाइन करने की आवश्यकता है ताकि वे फलों को तोड़ते समय चोट न करें। एक समाधान सक्शन ग्रिपर्स का उपयोग है, जिसका उपयोग स्वचालित फल चुनने वाली मशीनों पर किया जाता है, मानव श्रम के बिना डेयरी पशुओं, विशेष रूप से डेयरी मवेशियों का दूध दुहना है। स्वचालित दुग्ध प्रणाली, जिसे स्वैच्छिक दुग्ध प्रणाली भी कहा जाता है, 20वीं शताब्दी के अंत में विकसित की गई थी।

भारत में कृषि उपकरण कंपनियों और शोधकर्ताओं ने पारंपरिक खेती की जरूरतों के लिए बहुत सारे छोटे और भारी कृषि उपकरण विकसित किए हैं। यदि खरपतवार नियंत्रण के लिए रोबोट का उपयोग किया जा रहा है, तो इससे शाकनाशियों के उपयोग को कम करने में मदद मिलेगी और उपज जैविक में बदल जाएगी, उसी तरह रोबोटों का उपयोग सघनता से बचने के लिए रोपाई के लिए किया जा सकता है। ग्रामीण आविष्कारकों द्वारा कुछ प्रभावशाली नवीन तकनीकों को सेल फोन द्वारा दूर से संचालित किया जा सकता है, यह गर्मियों के समय में किसानों के लिए बहुत मददगार है क्योंकि बिजली की आपूर्ति अनियमित है। विभिन्न लाभों के बावजूद, कृषि रोबोटों की कुछ कमियाँ उनके उपयोग में काफी बाधा डालती हैं। एग्रीबॉट्स ऐसी मशीनें हैं जिनमें काफी निवेश की आवश्यकता होती है, जो उन्हें छोटे और सीमांत किसानों के लिए एक महंगा मामला बनाती हैं। एगबॉट्स नवीनतम तकनीकी प्रगति से सुसज्जित हैं, जिससे उनका उपयोग करना जटिल हो जाता है। कृषि रोबोटों को किसानों को आधुनिक तकनीक से निपटने में कुशल और कुशल बनने की आवश्यकता है, जो उनके खेत की ठीक से देखभाल करने की उनकी क्षमता को बाधित करता है।भारत एक ऐसा देश है जो नियमित रूप से बिजली कटौती का सामना करता है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। यह कृषि रोबोटों को बेकार बना देता है क्योंकि वे बिजली के बिना काम नहीं कर सकते हैं, जिससे समय की अनावश्यक बर्बादी होती है। खेती में उन्नत बुद्धिमान मशीनें, सेंसर या रीडर और हैंड हेल्ड पीडीए गणना और सटीकता में बहुत मददगार साबित होने वाले हैं सभी देशों में कृषि क्षेत्र में बहुत सारी बाधाएं हैं, विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में भारत में किसान घट रहे हैं। बार-बार कुछ सामान्य वाक्यों को दोहराकर खेती के पेशे को छोड़ रहे हैं कि यह अब लाभदायक नहीं है और यह दिन-ब-दिन जोखिम भरा होता जा रहा है। इसके नुकसान युवाओं को भी इसमें रुचि नहीं लेने देते हैं। रोबोटिक्स निश्चित रूप से कृषि क्रांति लाएगा। हालांकि आगे की राह बहुत आसान नहीं है। हमें दुनिया की खाद्य जरूरतों को पूरा करने की व्यवहार्यता, स्थिरता और दक्षता की गणना करनी होगी। हालांकि, यह देखना दिलचस्प होगा कि किसान, कृषि-व्यवसायी और उपभोक्ता इस उद्योग के भविष्य को आकार देने के लिए रोबोटिक्स और डिजिटल-मशीनीकरण की शक्ति का उपयोग कैसे करेंगे।

# पीएम मोदी की मन की बात जनता से निरंतर संवाद

**यादगार पहल**

**अनुराग सिंह ठाकुर**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सार्वभौमिक रूप से एक असाधारण प्रतिभा के धनी वक्ता के रूप में स्वीकार किया जाता है, जो जनता के साथ तत्काल संवाद-संबंध स्थापित कर सकते हैं। उनकी शानदार वक्तृत्व कला, इस अनूठी क्षमता का केवल एक उदाहरण है। जिस लगन के साथ वे बोलते हैं, जिस निष्ठा के लिए वे जाने जाते हैं और पिछले आठ वर्षों में उन्होंने लोगों के साथ जो विश्वास-आधारित संवाद संबंध बनाए हैं, वे सभी मिलकर, जन संचारक के रूप में उनकी सफलता में योगदान देते हैं।

उनके समावेशी दृष्टिकोण को देश के सभी भागों में अभूतपूर्व स्वीकृति मिली है। यह पीएम मोदी के विकास का लोक-केंद्रित मॉडल है, जिसने उन्हें बड़ी संख्या में आम लोगों का प्रिय बना दिया है। लोगों के साथ निरंतर संवाद, जिसे हम %मन की बात% के रूप में जानते हैं, से जुड़े उनके विचार को गैर-अभिजात्य या साधारण स्तर का कहा जा सकता है। %मन की बात% कार्यक्रम को अक्टूबर 2014 में लॉन्च किया गया था। वर्षों से यह महीने के अंतिम रविवार के दिन के लिए नियत किया गया है। यह एक रेडियो वार्ता के रूप में शुरू हुआ था; लेकिन अब इसे एक साथ विभिन्न प्लेटफार्मों पर कई भाषाओं में प्रसारित किया जाता है।

मन की बात से पता चलता है कि मोदी के दो व्यक्तित्व हैं - मजबूत, शक्तिशाली और उद्देश्यपूर्ण प्रधानमंत्री मोदी तथा नम्र, दयालु और नेक पिता तुल्य अभिभावक। यदि आप आंख बंद करके %मन की बात% सुनें, तो आप सोचेंगे कि मोदी जी गांव की चौपाल पर बैठे हैं, लोगों से बातचीत कर रहे हैं, उनकी बातें सुन रहे हैं, उनसे साथ संवाद कर रहे हैं, जहां जरूरत हो वहां ज्ञान भरी सलाह दे रहे हैं या किसी अनुकरणीय कार्य के लिए किसी की तारीफ कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने दुर्घटना पीड़ितों के परिवारों के साथ अपनी बातचीत साझा की, जिन्होंने बहादुरी से अपने प्रियजनों के अंग दान करने के फैसले किये थे। मोदी जी ने उस बातचीत का उपयोग अंगदान के नेक विचार को बढ़ावा देने के लिए किया।

ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जिनमें जलवायु की विपरीत स्थितियों से निपटने से लेकर स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े सामान्य लोगों के अच्छे कार्यों के लिए उन्हें उदार मन से बधाई देना आदि शामिल हैं। पीएम मोदी की %मन की बात% अनिवार्य रूप से वास्तविक जीवन की कहानियों और अनुभवों के बारे में है। ऐसी कहानियां, जो वास्तविक भारत को दर्शाती हैं और लुटियंस दिल्ली की संकीर्ण सीमाओं से परे हैं। इसी वजह से %मन की बात% का हर एपिसोड अत्यधिक लोकप्रिय होता है और इसे लाखों प्रतिक्रियाएं मिलती हैं। यह लोगों के साथ प्रतिध्वनित होता है, क्योंकि यह उनकी चिंताओं के बारे में है।

मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक्टूबर, 2014 को प्रसारित किया गया था। यह 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड पूरे करेगा। मन की बात अपनी विषय वस्तु, डिजाइन, बातचीत और आम लोगों तथा समग्र रूप से समाज के साथ संवाद करने के अभिनव तरीके के मामले में अद्वितीय है। 262 रेडियो स्टेशनों और 375 से अधिक निजी और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ दुनिया के सबसे बड़े रेडियो नेटवर्क %ऑल इंडिया रेडियो% के माध्यम से, भारतीय प्रधानमंत्री सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से विभिन्नता वाली विशाल आबादी तक पहुँचते हैं, उन्हें न केवल सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दों पर, बल्कि जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा संकट जैसी चुनौतीपूर्ण समस्याओं पर भी प्रेरित व सक्रिय करते हैं, जिनका दुनिया आज सामना कर रही है।

भारतीय लोक प्रसारक, प्रसार भारती मन की बात का अनुवाद और प्रसारण 52 भाषाओं/बोलियों में करता है, जिसमें 11 विदेशी भाषाएँ शामिल हैं, ताकि देश के सबसे दूर-दराज क्षेत्रों से लेकर विदेशों में रहने वाले भारतीयों तक इसकी पहुँच सुनिश्चित हो सके। मन की बात भारत का पहला वर्चुअल रूप से समृद्ध रेडियो कार्यक्रम है, जिसे टीवी चैनलों द्वारा एक साथ प्रसारित किया जाता है। दूरदर्शन नेटवर्क के 34 चैनल और 100 से अधिक निजी सैटेलाइट टीवी चैनल इस अभिनव कार्यक्रम को देश भर में प्रसारित करते हैं, जो संचार के इस पारंपरिक माध्यम के प्रति एक नई रुचि और जागरूकता पैदा करते हैं। फरवरी 2022 से हर महीने विशेषज्ञों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अग्रणी व्यक्तियों के लेखों के साथ एक स्मार्ट तरीके से तैयार पुस्तिका भी प्रकाशित की जा रही है, जो डिजिटल रूप से 60 मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंचती है।

इतने व्यापक प्रभाव के साथ, मन की बात को एक सामाजिक क्रांति के रूप में देखा जा रहा है (जो सही भी है)। इस कार्यक्रम को जनभागीदारी से ठोस आधार प्राप्त होता है। इस कार्यक्रम की परिकल्पना और कार्यान्वयन, नागरिकों के साथ जुड़ाव और भागीदारी के विचार पर आधारित है, जो कार्यक्रम के नाम से लेकर विषयों की पसंद और लोगों द्वारा सक्रियता से काम करने के आह्वान तक से परिलक्षित होते है, जिन्हें प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल करते हैं। प्रत्येक एपिसोड व्यक्तियों की परिवर्तनकारी शक्ति में प्रधानमंत्री के अटूट विश्वास के आधार पर तैयार किया जाता है और शासन में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री देश भर के लाखों लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में सफल रहे हैं। वे इस प्लेटफार्म का देश के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करने में उपयोग करते हैं और राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी चाहते हैं।

'मन की बात' का प्राथमिक उद्देश्य भारत के प्रधानमंत्री और देश के नागरिकों के बीच सीधा संपर्क बनाना है। हर महीने, प्रधानमंत्री को देश भर से लाखों पत्र मिलते हैं, जिस पर वे कार्यक्रम के दौरान प्रकाश डालते हैं। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री का लोगों से टेलीफोन पर बातचीत करना भी कोई असामान्य बात नहीं है। निर्वाचित नेता और जनता के बीच संचार का ऐसा तरीका लोकतंत्र और शासन में लोगों के विश्वास को काफी मजबूत करता है।

'मन की बात' के 8 वर्षों के अपने 99 एपिसोड के सफल बनाने के क्रम में, न केवल महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया है, बल्कि उन्हें सामाजिक और राष्ट्रीय हितों को लेकर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया है। बदलाव लाने वालों की प्रेरक कहानियां इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में से एक हैं, जो जमीन पर लगातार और निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं, जो न केवल उनके लिए काम करते रहने के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाते हैं, बल्कि लाखों अन्य लोगों को भी प्रेरित करते हैं।

अपनी शुरुआत से लेकर, 'मन की बात' पूरे देश में समुदायों को शामिल करने वाले सामाजिक आंदोलनों को उत्प्रेरित करने वाले जन आंदोलन के एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सामाजिक संदेश कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया ट्रेंड बन जाते हैं और कुछ ही हफ्तों में एक जन आंदोलन बन जाते हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'कोविड टीकाकरण' और 'हर घर तिरंगा' इसके कुछ शानदार उदाहरण हैं। हाल ही में 'मन की बात' के 88वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और नागरिकों से अपने इलाके में अमृत सरोवर बनाने का आग्रह किया। कुछ महीनों के भीतर, प्रधानमंत्री का यह संदेश एक जन आंदोलन में परिवर्तित हो गया और देश भर में कई अमृत सरोवर तैयार हो गए, जो स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र के सरकारी निकायों की मदद से बनाए गए थे। इसके बाद, 92वें एपिसोड में, प्रधानमंत्री ने नागरिकों के त्वरित प्रयासों की सराहना की, क्योंकि उन्होंने उत्तर प्रदेश के ललितपुर में भगत सिंह अमृत सरोवर और कर्नाटक के बिलकेरूर में अमृत सरोवर जैसे विभिन्न अमृत सरोवरों के बारे में चर्चा की।

'सशक्त भारत' के निर्माण की दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, 'मन की बात' का यह कार्यक्रम देश की उन राष्ट्रीय एवं वैश्विक सफलताओं को उजागर करने पर केन्द्रित है, जो नागरिकों में गर्व, अपनेपन और राष्ट्रवाद की भावना पैदा करते हुए लोगों से देश के विकास में भाग लेने का आग्रह करती है। इस कार्यक्रम की 89वीं कड़ी में, प्रधानमंत्री ने भारत में यूनिकॉर्न की संख्या के 100 के आंकड़े तक पहुंचने पर प्रकाश डाला। इसके 91वीं कड़ी में, 'हर घर तिरंगा' अभियान की सामूहिक भागीदारी और देशव्यापी सफलता का उत्सव मनाया गया, जिससे हर भारतीय का ह्रदय गर्व से भर गया। ऐसे कई और उदाहरण हैं जो यह दिखाते हैं कि कैसे 'मन की बात' सिर्फ एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह भारत के समग्र विकास का प्रतिबिंब और सार्वजनिक भागीदारी की अभिव्यक्ति है।

'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सफलतापूर्वक कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को हर स्तर पर लोगों तक पहुंचाने और इसके बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु एक तंत्र स्थापित किया है। इतना ही नहीं, इसके माध्यम से प्रधानमंत्री यह भी बताते हैं कि कैसे ये योजनाएं जमीनी स्तर पर लोगों को लाभान्वित करती हैं और अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभार्थी बनने के लिए प्रेरित करती हैं।

संकट के समय में भी, इस कार्यक्रम ने लोगों को सूचित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उदाहरण के लिए इसने कोविड महामारी के दौरान लोगों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और उन्हें टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। भारत की टीके की कहानी की सफलता का श्रेय काफी हद तक 'मन की बात' कार्यक्रम को जाता है। यही हमारे जीवन में 'मन की बात' कार्यक्रम की प्रासंगिकता और इसके महत्व का पर्याप्त प्रमाण है।

**लेखक केंद्रीय सूचना और प्रसारण, और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री हैं**

# सूट-बूट में झूठ

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त, व्यंग्यकार**

वातानुकूलित कमरे में बैठकर कश्मीर, हवादार खिड़कियों वाले कमरे में बैठकर हवामहल और चूल्हे की आग को देखकर चुरू के बारे में लिखने वाले एक महाशय को उनके यूट्यूब कार्यक्रम मुसाफिर हूँ यारों के लिए सदी का श्रेष्ठ यायावर लेखक पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्राकृतिक यायावरी करने वालों के बीच आर्टिफिशियल यायावरों का बड़ा बोलबाला है। ग्रीन पर्दे के आगे बैठकर दुनिया जहान की बातें करेंगे और थोड़ी देर में ग्रीन क्रोम को स्वैप क्रोम करते हुए पलक झपकते ही आपको सुंदर वादियों में ले चलेंगे।

पुरस्कार प्राप्त होने पर मैंने महाशय से पूछा - मैंने कभी आपको घर से बाहर जाते हुए नहीं देखा। जब देखो तब दो-तीन छोटे-बड़े झरोखे वाली बनियाइन और धारीदार लुंगी में पड़े-पड़े खटिया तोड़ते हुए देखा है। आपको यायावरी का पुरस्कार प्राप्त होना मेरे लिए किसी आठवें अजूबे से कम नहीं है।

दुनिया में सभी सवाल-जवाब नहीं होते। सवालों के नाम पर शक भी होते हैं। शक की गहराई अपमानित करने का बड़ा प्लाट होती है। वे मेरे आशय को समझ गए। उन्होंने कहा - यायावरी को पहले बड़ी चुनौती वाला काम समझता था। लेकिन यायावरी से पहले मैंने जो नौकरियाँ की हैं उसका खासा अनुभव मेरे काम आया। पहले मैं रियल इस्टेट में काम करता था। शहर से दूर जहाँ कोई आता जाता नहीं था उस जमीन को ग्राफिक्स के नाम पर थ्रीडी पिक्चर्स में ढालना, मक्खी निगलने वाले झूठ जैसे यहाँ से आठ लाइन सड़क का जाना, स्विमिंग पुल, अम्युजमेंट पार्क, जिम आदि के झूठे-झूठे चित्र बनाकर ग्राहकों को फांसना हमारे लिए बाएँ हाथ का खेल था। लेकिन इसमें मेरा फायदा कम मालिक का ज्यादा था। सो मैंने निर्णय किया कि अब से झूठ के बीज, झूठ की खेती और झूठ की फसल के जरिए सची-मुची वाला पैसा कमाऊँगा। मैंने कई यूट्युबरों को देखा है कि वे घर बैठे झूठ की कोठी उठा रहे हैं। एक में पाँच जोड़ना, अफवाहें फैलाना, बंगाली फकीरों-बाबाओं के धंधे खोलकर आम जिंदगी में विष घोलना और उसी के दम पर पैसे की उगाही करना मुझे भा गया। और तो और समाचार चैनलों के एंकरों ने जिस तरह से स्टूडियो में कुर्सियाँ तोड़ी हैं, उससे भी मैं बहुत प्रेरित हूँ। बेशक मैं बगल वाली गली के बारे में कुछ नहीं जानता, लेकिन स्विटजरलैंड की गलियों में घूमता नजर आता हूँ। दुनिया सच की नहीं ग्राफिक्स की दीवानी है। मैं तो कहता हूँ झूठ चाहे जितना बड़ा हो उसे प्रस्तुत करने की कला आ जाए तो लोग उसे सच मान जायेंगे। अब झूठ सूट-बूट पहनकर राज कर रहा है और सच नंगा-कंगाल होकर दर-दर की ठोकरें खा रहा है। लोगों को समझाने की नहीं बेवकूफ बनाने की जरूरत है। उनकी बेवकूफी में अपना फायदा हमेशा रहता है। महाशय की बातें सुनकर मुझे ग्रीन पर्दे के पीछे क्लीन पर्दा दिखने लगा था।

# घमौरियों से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे

घमौरियों की समस्या तब होती है जब गर्मी के कारण अत्यधिक पसीना आता है, जिससे पसीने की ग्रंथियां बंद हो जाती हैं और पसीना त्वचा में फंस जाता है। चिकित्सकीय भाषा में इस स्थिति को मिलिअरिया कहते हैं। इस स्थिति से सभी उम्र के लोग प्रभावित होते हैं। इसके कारण त्वचा पर छोटे-छोटे लाल रंग के फुंसी जैसे दाने निकल जाते हैं, जिनसे चुभन होती है। आइए आज हम आपको घमौरियों से राहत दिलाने वाले 5 घरेलू नुस्खे बताते हैं।

एलोवेरा के एंटी-बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण घमौरियों से राहत दिलाने में सहायक हैं। यह सूजन को कम के साथ ही लालिमा को भी शांत करता है। एलोवेरा में हाइड्रेटिंग यौगिक भी होते हैं, जो त्वचा को डिहाइड्रेट होने से भी बचाते हैं। लाभ के लिए एलोवेरा जेल को प्रभावित हिस्से पर लगाएं और इसे 15 मिनट तक लगा रहने दें, फिर पानी से त्वचा को अच्छी तरह धो लें। एलोवेरा के ये 5 फेस पैक त्वचा के लिए फायदेमंद हैं।

ओटमील त्वचा के लिए एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर है और बंद पसीने की ग्रंथियों को ठीक करने में मदद कर सकता है। यह घमौरियों और उनके कारण होने वाली खुजली के साथ-साथ सूजी त्वचा से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए ओटमील स्नान करें और इसे प्रभावित हिस्से पर धीरे से रगड़ें। अच्छे परिणामों के लिए हफ्ते में ऐसा 3 बार करें।

बेसन त्वचा के लिए एक उत्तम क्लींजर है। यह रोमछिद्रों को बंद करने वाली गंदगी को साफ करने में मदद करता है और मृत त्वचा कोशिकाओं को एक्सफोलिएट करता है। यह घमौरियों की खुजली और चुभन से राहत दिलाने में मदद कर सकता है।

एक नजर



## कांग्रेस की जनसत्याग्रह सभा आयोजित

**दंतेवाड़ा 17अप्रैल।** रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अवधेश सिंह गौतम की अध्यक्षता में जनसत्याग्रह नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमे ब्लॉक कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष तपन दास, नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय, उपाध्यक्ष बालसिंह कश्यप, दिनेश प्रसाद, अमृत टंडन, राजू कुंजाम, सुरेश पात्रों, सांसद प्रतिनिधि आर राजू रेड्डी, दीपक गोस्वामी,गायत्री साहू, ईला पटेल, दंतेश कुमार , बी सुशीला जी, शमशाद बेगम,मिलरेंड्रा केरकेट्टा , वरिष्ठ कांग्रेसी एस के बारले जी, दीपक गोस्वामी, आर डी पटेल, सरपंच श्रीमती मीना मांडवी , गीता साधक, गीता शाह,वरिष्ठ कांग्रेसी विपुल राय, दुर्गा राव, नाजू, सलमा खातून,संगीता साहु, गायत्री शेट्टी, भेमिन साहु, ताहिरा बेगम, कमलेश वर्मा, जोगा कर्मा, छोटू सरपंच, नन्दा जी, दिन्नार्थो पान,धनी माझी, एवम् कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## तीजेश्वरी साहू बनी जिला महिला संयोजिका, गीता साहू तहसील साहू संघ प्रभारी नियुक्त

**राजनांदगांव।** जिला साहू संघ के प्रभारी नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष भागवत साहू एवं महामंत्री नीलमणी साहू के द्वारा तहसील साहू संघ राजनांदगांव के प्रभारी श्रीमती गीता साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ को नियुक्त किया गया।, सह प्रभारी श्रीमती तेजेश्वरी साहू जिला महिला संयोजिका नियुक्त गया है। इसके अलावा सह् प्रभारी महेंद्र कुमार सह प्रभारी लीना साहू, नगर साहू संघ प्रभारी मदन साहू उपाध्यक्ष (मातेखेडा) सह प्रभारी डॉ महेश शिवकुमार साहू, श्रीमती सरिता साहू , तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ प्रभारी शैलेश कुमार उपाध्यक्ष सह प्रभारी नोबल साहू, देवेंद्र कुमार चुम्मन साहू , तहसील साहू संघ छुरिया प्रभारी अशोक कुमार उपाध्यक्ष, सह प्रभारी महेश्वर साहू उपाध्यक्ष, चंदन साह, हुमेश्वर साहू , तहसील साहू संघ डोगर गांव प्रभारी श्रीमती नीरा साहू उपाध्यक्ष, सह् प्रभारी मदन साहू श्रीमती भेष बाई साहू, माधव साहू को नियुक्त किया गया है।इन सभी प्रभारियों को नियुक्ति पर भागवत साहू, नीलमणि साहू, मुनेश्वरी साहू ,जगमोहन साहू,रुपेन्द्र साहू सहित जिला साहू संघ के समस्त पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं ने बहुत- बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की किया है। यह जानकारी रूपेंद्र साहू मिडिया प्रभारी ने दी।

## डॉ. अंबेडकर जयंती पर निकली शोभायात्रा में पहुंचे किसान नेता अशवन्त तुषार साहू



**महासमुंद।** विधानसभा क्षेत्र के महासमुंद शहर में डॉ.भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह बौद्ध समाज के तत्वावधान में 14 अप्रैल बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती शोभायात्रा निकाली गई जिसमें किसान नेता अशवन्त तुषार साहू शामिल हुआ। बैंडबाजों और आतिशबाजी के साथ में शोभायात्रा एकता चौक से प्रारंभ हुई और सर्वप्रथम आतिशबाजी के साथ यात्रा का शुभारंभ किया।जिसमें हाथों में संविधान लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर, गौतम बुद्ध आदि की झांकियां बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं। डॉ. आंबेडकर व गौतम बुद्ध की प्रतिमा रथ पर शोभायमान थी। आंबेडकर चौक स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर पहुंचकर जनसभा में परिवर्तित हो गई। कई स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।डॉ. अंबेडकर की जयंती पर उनके जनकल्याण के लिए किए गए अभूतपूर्व योगदान को याद कर बाबा साहेब निचले तबके से तालुक रखते थे. बचपन से ही समाजिक भेदभाव का शिकार हुए. यही वजह थी कि समाज सुधारक बाबा भीमराव अंबेडकर ने जीवन भर कमजोर लोगों के अधिकारों के लिए लंबा संघर्ष किया ्कार्यक्रम सफल बनाने में-जिला अध्यक्ष शंकर नांनदेश्वर, महामंत्री बी.पी.मेसराम, देवेंद्र मेसराम,कुणाल रंगारी, सदस्यगण व अत्यधिक संख्या में माताएं बहने उपस्थित रहे।

# शाम ढलते ही सड़कों पर हो जाता है मवेशियों का कब्जा





- सड़कों पर जहां तहां मवेशियों के बैठने से आमजनों की बढ़ी परेशानी
- आवारा मवेशियों से बढ़ी हादसे की आशंका
- नगर पालिका मामले को लेकर उदासीन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 17 अप्रैल।** नगर की सड़कों पर इन दिनों आवारा मवेशियों का जमघट लगना आम हो चला है। शाम ढलते ही बड़ी तादात में मवेशी शहर की सड़कों और चौक चौराहों पर अपना कब्जा जमा लेते हैं, जिसके चलते हमेशा ही हादसे की आशंका बनी रहती है। इन मवेशियों पर लगाम लगाने नगर पालिका कोई कदम नहीं उठा रहा। नगर पालिका के उदासीन रवैये की वजह से हादसो की आशंका प्रबल हो गई है। सड़कों पर जहां तहां मवेशियों के जमावाड़े से आए दिन छोटे बड़े हादसे भी होते रहते हैं। इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता कि कभी इन बेजुबान जानवरों के चलते कोई बडा हादसे पेश आ जाए। गौरतलब है कि जैसे जैसे शाम ढलती जाती है आसपास के तमाम आवारा पशु सड़कों पर आकर जम जाते हैं। मुख्य मार्ग स्थित एसबीआई चौक, बस स्टेंड चौक, बस स्टेंड परिसर, फलसपाल चौक, जेलबाड़ी चौक, टेकनार चौक, कलेक्ट्रेट चौक, परदेशी होटल रेलवे स्टेशन चौक से लेकर पुराने कलेक्ट्रेट के गेट के सामने तक सड़कों पर किसी भी चौक चौराहों पर नजर दौड़ा लें हर जगह मवेशियों का भारी जमावाड़ा देखने को मिल जाएगा। सड़कों पर मवेशियों के जमावाड़े से कई सड़क हादसे हो भी चुके हैं। हादसे में इंसान के साथ साथ कई बार पशुओं की भी मौत हो जाती है। सवाल यह कि ये तो मूक बेजुबान जानवर हैं। इनकी कोई गलती नहीं। गलती पशु पालकों की है जो दुध देते वक्त तक अपने पशुओं को घर पर बांधकर रखते हैं जैसे ही दुध बंद कर देती है गाय उसे दाना चारा देने से बचने के लिए सड़कों पर आवारा छोड़ दिया जाता है। मवेशी दिन भर ईधर उधर विचरण कर किसी तरह अपना पेट भरती है और शाम होते ही सड़कों पर आकर बैठ जाती है। इन आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने तथा कांझी हाउस में रखकर चारा देने की पूरी जवाबदारी नगर पालिका प्रशासन की है। लेकिन देखने में आता है कि शिकायत के बाद भी पालिका के अधिकारी व कर्मचारी इस ओर कोई ध्यान नहीं देते। उनका कहना है कि कितनी बार जानवरों को ले जाकर कांझी हाउस में रखें और कितने दिनों तक। मवेशियों को उनके मालिक लेने ही नहीं आते। अब यह तो कोई समाधान नहीं हुई ना। जवाबदारी आपको शासन ने दिया है आप किस तरह से सड़कों से मवेशियों को हटाते हैं ये आपकी समस्या है। आम जनता के जानमाल की रक्षा सर्वोपरि है। सड़कों पर किसी भी तरह का जाम हटाना ये प्रशासन की जिम्मेदारी है। पालिका के अधिकारी हमारे पास इतना रिर्सोसेस नहीं, समय नहीं, साधन नहीं, कहकर अपनी जवाबदारी से बच नहीं सकते। माननीय न्यायालय ने भी अपने एक आदेश में स्पष्ट कहा है कि सड़कों पर आवारा घुमते मवेशी पाए जाते हैं तो इसकी पूरी जवाबदारी पशु मालिकों की होगी इसके लिए पशु मालिकों को जेल तक हो सकती है। न्यायालय के आदेश के बावजूद भी दंतेवाड़ा नगर प्रशासन एवं पालिका इस जटिल समस्या के प्रति कोई ध्यान नहीं दे रहा जिससे आम शहरी हर रोज ऐसी समस्याओं से जुझने को मजबूर है।

# भारतीय किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओ ंने ग्राम सरंगपाल में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 17 अप्रैल।** जिले के भारतीय किसान मोर्चा कांकेर के कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम सरंगपाल में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान बाबा साहेब को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकता भरत मटयारा ने कहा कि हमें बाबा साहेब की ओर से बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। साथ ही इस संकट की घड़ी में सभी को एकजुट होने की बात कही। उन्होंने और कहा कि संविधान के दायरे में रहकर ही हम बाबा साहेब के आदर्शों का पालन कर सकते हैं। राष्ट्र पर आई इस संकट की घड़ी में हमें सरकार के दिशा-निर्देशों को मानते हुए स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रखना चाहिए।इस दौरान अनुसूचित जनजाति युवा मोर्चा के अध्यक्ष आसाराम नेताम द्वारा भी कहा गया कि भारतीय संविधान के अलौकिक शिल्पकार, विश्व बन्धुत्व के अमर पुजारी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर चरण वंदन किया। जिनके ज्ञान के प्रकाश तथा सर्वजन हिताय की कामना से भारत की पवित्र भूमि धन्य हुई। ऐसी महान विभूति पर हर हिंदुस्तानी को गर्व है। बाबा साहब कहते थे कि हम सब सबसे पहले भारतीय हैं, बाद में भी भारतीय हैं और अंत में भी भारतीय ही हैं।उन्होंने और कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने हमेशा समाज के पीड़ित, उपेक्षित व दबे कुचले लोगों को बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने संविधान के माध्यम से गरीब समाज को अधिकार और सम्मान दिया है। जिसकी बदौलत आज समाज में ऊंच-नीच की खाई मिट रही है।इस अवसर पर भारतीय किसान मोर्चा कांकेर के कार्यकर्ताओं एवं भारी मात्रा में गांव ग्रामीण उपस्थित थे।

## धर्मांतरण कराने वालों को भूपेश सरकार का संरक्षण : बृजमोहन

**रायपुर।** डी लिस्टिंग को लेकर हो रहे आंदोलन में भाजपा की भूमिका को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की टिप्पणी पर वरिष्ठ भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि उनकी कांग्रेस पार्टी ही आदिवासियों के धर्मांतरण कराने वालों को प्रश्रय देती है। इसीलिए वो डी लिस्टिंग को लेकर आंदोलित आदिवासियों के आंदोलन पर उंगली उठा रहे है।

बृजमोहन ने कहा कि छत्तीसगढ़ ही नही अपितु देश भर आदिवासी अपने अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए चिंतित है। ऐसे बहुत से लोग हैं जो धर्म परिवर्तन करके अपनी आस्था,अपनी संस्कृति,अपने संस्कारों और अपनी परंपराओं को परिवर्तित करने के बाद भी आदिवासियों की सुविधाएं ले रहे हैं। आदिवासियों के अधिकारों को छीन रहे हैं।

# सांसद बैज ने ली लीडरशिप डेवलपमेंट मि शन की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 17 अप्रैल।** शनिवार को जिला कांग्रेस की एलडीएम अर्थात नेतृत्व विकास मिशन की बैठक दंतेवाडा में आहूत की गई । एलडीएम की बैठक लोक सभा प्रभारी एवं बस्तर सांसद दीपक बैज ने ली । बैठक में उपस्थित कांग्रेसियों को एलडीएम के महत्व को समझाया और गांव गांव में एलडीएम सदस्य की चयन करने का जोन अध्यक्षों को निर्देश दिए गए । नई पीढ़ी के जमीनी स्तर के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ावर्ग और अन्य पिछड़ावर्ग समाज के ऐसे नेताओं की पहचान करना और उन्हे बढावा देना जिन्हें समुदाय के मुद्दों की गहरी समझ हो और इन समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में काम करने का ज'बा हो। अगले माह तक एलडीएम की बैठक जिला मुख्यालय में आहूत करने को कहा । बैठक में प्रमुख रुप से जिला अध्यक्ष एवं जिला एलडीएम के अध्यक्ष अवधेश गौतम की उपस्थित सीजी मदरसा बोर्ड के सदस्य शकिल रिजवी, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष सुभाष सुराना, ब्लॉक अध्यक्ष कमलोचंद सेठिया, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, राज कुमार तामो, आशिफ रजा, एन नागराज, इंदिरा ठाकुर, गीतांजलि कुशवाह, अनिल जायसवाल, अनिल कर्मा, जगरा वैंजाम, विमल सलाम, प्रवीण राणा, भीमा मंडावी, राधा नाग, जाया कश्यप, कमलु अतरा, जितेंद्र कश्यप, बीजू कश्यप, नंदा राम,उपस्थित थे।

मुलाकात



**सुकमा, 17 अप्रैल।** कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा जी निलावरम पहुँच कर ग्रामवासियों कर रहे भेट मुलाकात साथ ही छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## मोदी सरकार की योजनाओं ने बदली देश की तस्वीरः गीता घासी साहू

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष गीताघासी साहू के द्वारा गांव गांव में नरेन्द्र मोदी सरकार की योजनाओं का दीवार लेखन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

इस संबंध में गीताघासी साहू ने बताया कि नरेंद्र मोदी जी जब से देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से लगातार ऐसी अनगिनत योजनाएं लांच की गई है जिसका सीधा लाभ देशवासियों को मिल रहा है। केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं से समाज में मौजूद सबसे कमजोर वर्ग के लोगों के जीवन में जबरदस्त बदलाव आएं हैं।श्रीमती साहू ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार की योजनाएं गांव, गरीब व किसान पर केंद्रित है तथा इन योजनाओं ने ग्रामीण भारत की तस्वीर और गरीबों एवं किसानों की तकदीर बदलने का कार्य किया है।गीताघासी साहू ने योजनाओं के विषय में बताया कि मोदी सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों के पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है।

समाचार संक्षेप

## कुडुकरास में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल उत्सव मनाया गया



**सुकमा, 17 अप्रैल ।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में सुकमा विकासखंड के ग्राम पंचायत पुसपल्ली के आश्रित ग्राम कुडुकरास में जल उत्सव का आयोजन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांव के मुखिया पटेल कुंजामी देवा एवं गांव के महिलाओं द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। समन्यको द्वारा जल जीवन मिशन, जल संवर्धन एवं गुणवत्ता पर ग्रामवासियों से विशेष चर्चा कर जल वाहिनी को प्रशिक्षण दिया गया।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को अवगत कराया कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य ना केवल हर घर स्वच्छ जल देना है बल्कि पंचायतों में बनी ग्राम एवं स्वच्छता समिति को पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं रखरखाव के प्रति सशक्त भी बनाना है ताकि ग्रामीण जन सामुदायिक भागीदारी के साथ अपने स्तर पर ग्राम सभा के माध्यम से जल कर एवं जल वितरण की समयावधि निर्धारित कर स्वामित्व की भावनाओं के साथ कार्य योजना को आगे बढ़ाये। साथ ही पेयजल की गुणवत्ता के प्रति भी हर ग्रामीण को जागरूक रहने को बताया गया क्योंकि पानी सीधा हमारे स्वास्थ से जुड़ा है अगर पानी स्वच्छ रहेगा तभी हम बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं।

कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत सरपंच देवे करतामी ने भी ग्रामवासियों से अपील की कि यह नल जल योजना हम ग्राम वासियों के लिए है और हमें ही इसका रखरखाव करना है। जल संरक्षण करना है ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए हम जल की समस्या का स्थायी निदान कर सकें ऐसी शपथ लेना हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान हर घर नल से जल सर्टिफिकेट सौपा गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## मुस्लिम समाज ने किया जैन समाज के संत का स्वागत



**सुकमा, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा मे दिखा भाईचारा सौहार्द का एक और नजाराजैन धर्म के ऋषि मुनि महाराज जिनमणिप्रभ सुरीश्वर जी महाराज मुस्लिम समाज के प्रेम भरे स्वागत से हुए अतिप्रसन्न। इस दौरान सभी धर्म एवं समाज के लोग रहे मौजूद।सच कहते हैं लोग सुकमा हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई जैन धर्मों का एक ऐसा प्रेम से भरा पर्वत है जो छोटी मोटी हवाओं से हिल नही सकता। यहाँ माता रामारामिन का आशीर्वाद और पीरों की दुआएँ हैं शामिल।

## केबिनेट मंत्री कवासी लखमा गुम्मा में आयोजित मेले में शामिल हुए



**सुकमा, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** देवगुड़ी में पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किये। माननीय मंत्री जी विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगो से सौजन्य मुलाकात किये। साथ लोगो के द्वारा अभिवादन सहर्ष स्वीकार किये। आदिवासी परम्परा को निभाते दिखे, माननीय मंत्री जी देवी गीतों पर थिरकते हुए दिखे।

## पुलिस की कार्रवाई से नक्सलियों के मंसूबों पर फिरा पानी



**सुकमा, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 16.04.2023 के दरमायानी रात्रि को थाना दोरनापाल के ग्राम कोसागुड़ा में अज्ञात माओवादियों द्वारा गांव में लगे मोबाइल टावर को जलाने का प्रयास किया जा रहा है तत्काल पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन पर एक टीम रवाना किया गया जिसने चारों ओर से घेरा डालकर नक्सलियों को पकड़ने का प्रयास किया, जिससे डर कर नक्सली भाग खड़े हुए, एवम टावर को जलने बचा लिया गया, वर्तमान में टावर निर्बाध रुप से संचालित हो रहा है।

# जिला एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 मई को

**रायगढ़, 17 अप्रैल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा 13 मई 2023 को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है। जिसमें सिविल न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों, जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं, के अलावा भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन संबंधी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जायेंगें, जिसमें मुकद्मा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा के द्वारा निराकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त धारा 188 भा.द.सं. एवं कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे।विगत लोक अदालत की भांति राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के संबंध में खण्डपीठों का गठन करते हुए, खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बंटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारे, कब्जे के आधार बंटवारे के प्रकरण, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 की कार्यवाही के मामले, भाड़ा नियंत्रण संबंधी, सुखाधिकार संबंधी, विक्रयपत्र/दानपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले तथा अन्य राजीनामा योग्य मामले रखे जाएंगे। यदि किसी पक्षकार का मामला राजीनामा योग्य है तथा वह आयोजित होने वाली इस लोक अदालत का लाभ प्राप्त करना चाहता है तो वह जल्द से जल्द स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को राजीनामा हेतु आयोजित होने वाली इस वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत 13 मई 2023 में रखने हेतु संबंधित न्यायालय से अनुरोध कर सकता है तथा मुकद्मा पूर्व प्रकरण न्यायालय परिसर स्थित प्रबंध कार्यालय के हेल्प डेस्क में प्रस्तुत कर सकता है।

## भारत के प्रथम पैथोलॉजिस्ट डॉ. वीआर खनोलकर के जन्म दिवस पर नेशनल पैथोलॉजी डे का आयोजन

**दुर्ग ।** चंदूलाल चंद्राकर पैथोलॉजी द्वारा 13 अप्रैल को नेशनल पैथोलॉजी दिवस मनाया गया। इस दिन डॉ वीआर खनोलकर, भारत के पहले पैथोलॉजिस्ट के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जाता है और इन्हें भारत के पैथोलॉजी और मेडिसिन रिसर्च के जनक के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने कुष्ट रोग, विकिरण और कैंसर के क्षेत्र में अथक परिश्रम करके भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें 1955 में पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया।पैथोलॉजी विभाग की विभागध्यक्ष डॉ. जयंती चंद्राकर व डॉ. करन चंद्राकर एवं डॉ. रौशन बघेल द्वारा संयोजित इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के 30 पैथोलॉजिस्ट्स ने भाग लिया। इस आयोजन में डॉ. मधुबाला स्वर्णकारडॉ. प्राची शर्मा राठी, डॉ. नताशा खड़ीजा ने मरीज़ो पर आधारित अपने शोध पत्र पढ़े, एवं डॉ प्रियंवदा त्रिपाठी ने पैथोलॉजी डूडल प्रस्तुत किया। इंटर्न डॉक्टर्स व चिकित्सा छात्रों ने इस अवसर पर सुन्दर पोस्टर प्रदर्शित किए जिसमें संह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# विक्रम मंडावी ने भोपालपटनम में मुस्लिम जमात खाने का किया उद्घाटन, इफ्तार की दावत में हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 17 अप्रैल।** रमज़ान के पाक महीने में बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी शनिवार को भोपालपटनम के जामा मस्जिद में बने नये ज़मात खाने का उद्घाटन किया। मगरिब के वक्त हुए जमात खाने के उद्घाटन के बाद विधायक विक्रम मंडावी ने रोजेदारों के साथ मिलकर इफ्तार पार्टी में शामिल हुए।

दावत में पहुंचे विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि आपसी भाईचारा और प्रेम हमारे देश की पहचान है। हम सभी को एक दूसरे के मजहब का सम्मान करना चाहिए विधायक ने कहा कि कुछ लोग देश के भाईचारा और आपसी प्रेम को बिगाड़ने के काम में लगे हुए है। दावत में सरीख हुए जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा है कि बीजापुर जिले में हर धर्म के लोग एक साथ मिलकर रहते है भोपालपटनम का माहौल शुरू से ही एक साथ मिलकर सभी त्योहारों को मनाने का रहा है, यहाँ के मुस्लिम भाई भी दूसरे धर्म के कार्यक्रमो में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते है। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष लालू राठौर ने मुस्लिम जमात को नये ज़मात ख़ाने के उद्घाटन पर बधाई दी। कार्यक्रम में शरीक हुए





विधायक विक्रम मंडावी व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का आत्मीय स्वागत किया गया भोपालपटनम जमा मस्जिद के इमाम ने देश में अमन-चेन व भाईचारा की दुआएं की।विदित हो कि मुस्लिम सामुदाय के लोगो ने ज़मात ख़ाने की मांग की थी जिस पर विधायक विक्रम मंडावी ने तत्काल 20 लाख की स्वीकृति दी जिसके पश्चयात विधायक विक्रम मंडावी ने भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ करवाया कार्य पूर्ण होने के बाद शनिवार को इफ्तार की दावत में फीता काटकर मुस्लिम ज़मात ख़ाने का लोकार्पण किया। इस नेक कार्य के लिए मुस्लिम सामुदाय के लोगो ने विधायक विक्रम मंडावी की प्रशंसा की है। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर शंकर कुडियाम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, सदस्य कृषक कल्याण परिषद छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, सदस्य [illegible] छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं जिला पंचायत सदस्य सरीता चापा, नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकी कोरम, अध्यक्ष कृषि उपज मंडी जिला बीजापुर कामेश्वर राव गौतम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष संतोष बोरे, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश पामभोई, आदिवासी समाज के अध्यक्ष वल्वा मदनैया, जामा मस्जिद के सदर अमीर खान, इरशाद खान, सरदार खान, मकबूल अहमद, छोटूलाल खान, शेख रज्जाक, विजार खान,मो. इमरान खान, अफसर खान, रियाज खान व सहित सभी पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कांग्रेसी कार्यकर्ता सहित जमा मस्जिद के मुस्लिम भाई मौजूद रहे।

## एक नजर

### खेत में महिला की लाश मिलने से फैली सनसनी

**गरियाबंद, 17 अप्रैल।** गरियाबंद में एक महिला की लाश संदिग्ध अवस्था में पड़ी हुई मिली घटना छिंद तालाब के पीछे की है. मामले की सूचना आस-पड़ोस के मोहल्लें में पहुंचते ही सैकड़ों लोगों की भीड़ घटनास्थल पर एकत्र हो गई और लोग तरह-तरह के चर्चित करने लगे। वार्ड नंबर 1 थाना के पिछे अकेले जीवन बिताने वाली महिला गीताबाई उम्र 40 वर्ष की लाश आज सुबह उसके घर से काफी दूर छिंद तालाब के पास एक खेत में औंधे मुंह उल्टी पड़ी हुई मिली है पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रायपुर से एफएसएल की टीम बुलाई लाश के हाथ में गुटका तथा कपड़े अस्त-व्यस्त मिले एफएसएल की टीम पहुंचने के बाद लाश को सीधा कर चोट के निशान पहले ढूंढे गए एफएसएल टीम की जांच के बाद पोस्टमार्टम किया गया जिसके बाद पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है उस हिसाब से जांच आगे बढ़ाई जाएगी इस घटना में सवाल यह कि उक्त महिला का घर लाश मिलने वाली स्थान से डेढ़ किलोमीटर दूर है आखिर महिला इस सुनसान इलाके में किसलिए और कैसे पहुंची। गरियाबंद के एडिशनल एसपी चंद्रेश ठाकुर तथा थाना प्रभारी श्री तिवारी स्वयं घटनास्थल पर मौजूद रहकर अपने समक्ष जांच करवाते नजर आए और सभी जरूरी पहलुओं पर जांच करने का भरोसा दिलाया अधिकारियों ने कहा कि शुरुआती तौर पर किसी भी तरह की आशंकाएं नजर नहीं आ रही।

### सिरपुर में गांव चलो-घर घर चलो अभियान के तहत जनसंपर्क

**महासमुंद,17 अप्रैल।** गांव चलो-घर घर चलो अभियान के तहत प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महामंत्री राकेश चंद्राकर के नेतृत्व में सिरपुर में जनसंपर्क किया गया। इस दौरान सिरपुर स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया गया। चंद्राकर ने कहा कि बाबा साहेब का विचार शाश्वत हैं, उनके विचारों को लेकर हम नये भारत का निर्माण करेंगे। जिसमें समरसता का भाव हो। भारत सामरिक आर्थिक, वैचारिक आधार पर एक शक्तिशाली देश हो इसके लिए संपूर्ण भारतवासियों को एक होना होगा। संपूर्ण भारतीय समाज को एक भारत श्रेष्ठ भारत के विचार के साथ परिश्रम करना होगा। चंद्राकर के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने सिरपुर के घरों-घर जाकर लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं व जनहित के कार्यों से अवगत कराया। पश्चात सभा का आयोजन कर गांव चलो-घर घर चलो अभियान का समापन किया गया।

### कर्मा सामुदायिक भवन का भूमिपूजन



**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत बाटगांव में रविवार को कर्मा सामुदायिक भवन का हुआ भूमिपूजन। ग्राम बाटगांव में संगठन को लेकर मंडल साहू समाज पटेवा एवं ग्रामीण साहू समाज बाटगांव के तत्वाधान में बैठक आयोजित किया गया तत्पश्चात कर्मा सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भुनेश्वर शोभा राम बघेल जी विधायक डोंगरगढ़ अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन कैबिनेट मंत्री, श्री रतन लाल यादव जी अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी घुमका, श्री मंथीर साहू जी अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज पटेवा, श्रीमति जिता संतोष वर्मा जी सरपंच ग्राम पंचायत बाटगांव, श्री टिकू यदु जी , श्री धन्ना यादव जी, श्री डोमार दास साहू जी, श्री डा धरमू साहू जी, श्री चरण लाल साहू जी, श्री खेमलाल साहू जी, श्री हिरेंद्र साहू जी, श्री दयाल सिंह साहू जी, श्री माधव दास साहू जी, श्री शिवकुमार साहू जी, श्री शत्रुहन साहू जी, विजय कुमार साहू जी, शिव कुमार साहू जी अध्यक्ष बाटगांव,श्री ईश्वर साहू जी सचिव बाटगांव तथा 16 गांव से पधारे अध्यक्ष/सचिव एवं समाजिक बंधुओं एवं समस्त ग्रामवासी बाटगांव की उपस्थिति रही।

# बैठक में एनएसएस अधिकारियों को सामाजिक आर्थिक सर्वे की विस्तार से जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,17 अप्रैल।** भारत सरकर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा सामाजिक आर्थिक सर्वे कार्य सम्पादित किया जाएगा। इस कार्य के लिए प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक एवं एनएसएस जिला संगठकों का एक दिवसीय राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक सह मार्गदर्शन कार्यक्रम रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर में हुआ। इसमें महासमुंद जिले से डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद सम्मिलित हुई।समीक्षा बैठक की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ छत्तीसगढ़ के राज्य गीत की सामूहिक प्रस्तुति हुई। मुख्य अतिथि पंडित रविशंकर विवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला रहे। इस अवसर पर राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी, पं रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ.एलएस गजपाल, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कार्यक्रम समन्वयक आरके अग्रवाल एवं शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से कार्यक्रम समन्वयक डॉ.सुशील कुमार एक्का, जिला संगठक प्रो.बीके पटेल (जांजगीर चांपा), भोजराम पटेल (रायगढ़), प्रो. कमल सिन्हा (कार्यक्रम अधिकारी तमनार) की उपस्थिति रही।इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. गजपाल द्वारा सामाजिक आर्थिक सर्वे से संबंधित फार्म की बिंदुवार जानकारी उपस्थित एनएसएस अधिकारियों को दी गई। राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक कुमार श्रोती के मुख्य आतिथ्य में आवश्यक दिशा निर्देश एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम व गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। क्षेत्रीय निदेशक डॉ.अशोक कुमार श्रोती के छत्तीसगढ़ में प्रथम प्रवास को लेकर राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ श्रोती के एनएसएस से पुराने संबंध होने की बातों को बताया गया। उपस्थित रासेयो विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक एवं जिला संगठकों का परिचय सत्र के बाद क्षेत्रीय निदेशक श्रोती ने एनएसएस के सेवा कार्यो को समाज के लिए मिशाल बताते हुए कहा कि वर्तमान युग डाटा युग है, इस दौर में हमें डाटा के मामले में अप टू डेट रहना है। सामाजिक आर्थिक सर्वे कार्य को गंभीरता पूर्वक एवं जिम्मेदारी के साथ समय पर पूर्ण करने का आग्रह भी क्षेत्रीय निदेशक द्वारा किया गया। क्षेत्रीय निदेशक द्वारा विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब देकर एनएसएस अधिकारियों को संतुष्ट किया गया।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ एनएसएस परिवार की ओर से क्षेत्रीय निदेशक का प्रतीक चिन्ह देकर विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. डीएल पटेल (जगदलपुर), डॉ. एसएन पांडे (अंबिकापुर), रघुवंशी (दुर्ग), जिला संगठकों में मालती तिवारी (महासमुंद), सुरेश पटेल (दुर्ग), वाईके तिवारी (कोरबा), टीएस सोनवानी (गरियाबंद), मानिकचंद हिमधर, विनायक साय

# भापिवमो ने घर-घर जाकर लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,17 अप्रैल।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा गांव चलो-घर घर चलो अभियान के तहत अभियान के प्रदेश प्रभारी व महामंत्री राकेश चंद्राकर के नेतृत्व में ग्राम शेर, कनेकेरा, भलेसर, धनसुली, मोरधा में जनसंपर्क कर केंद्र सरकार के योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर भी समस्त ग्रामों में जनसंपर्क किया।समस्त ग्रामों में नेताओं ने लोगों को घर-घर जाकर व सभा के माध्यम से मोदी सरकार द्वारा जनहित के योजनाओं की जानकारी दी। पीएम किसान सम्मान निधि, महिला बहनों के लिए उज्वला योजना, पीएम आवास, स्कील इंडिया सहित अनेक योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। जिसका समस्त ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए समर्थन किया। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने भाजपा शासन व अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में किए गए अनेक विकास कार्यों को बताया तथा आगामी समय में भाजपा को समर्थन देने की बात कही। वहीं, प्रदेश महामंत्री राकेश चंद्राकर ने गांव के विकास में केंद्र शासन की भागीदारी को बताया। इस अवसर पर भाऊराम साहू, श्याम साकरकर, सभी ग्रामों के पंचायत पदाधिकारी गण व ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### युवाओं को रोजगार के लिए विभिन्न ट्रेडों में 20 अप्रैल से प्रशिक्षण

**महासमुंद 17 अप्रैल ।** स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान महासमुंद द्वारा आगामी 20 अप्रैल से युवाओं को स्वरोजागर से जोड़ने के लिए इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण आरंभ किया जा रहा है। साथ ही सी.सी.टी.वी. कैमरा,मोबाइल रिपेयरिंग व दो पहिया वाहन मरम्मत का प्रशिक्षण आगामी माह में प्रारम्भ किया जाऐगा। बैंक निदेशक श्री संजीव प्रकाश ने बताया कि इच्छुक लोग बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पहुंच कर या कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07723-299155, कमलेश पटेल के मोबाईल नम्बर 79997-00673 व प्रतीक साहेब गुप्ता के मोबाइल नम्बर 93402-81974 पर कार्यालयीन समय पर सम्पर्क कर सकते है। इस प्रशिक्षण के बाद उन्हें स्वरोजगार के लिए बैंक से ऋण दिलाने में पूरा सहयोग दिया जाएगा।

# अंबेडकर जयंती पर कम्यूनिटी डे का आयोजन, विविध स्पधाएं भी हुई

महासमुंद। संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती पर आशी बाई गोलछा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एटीएल लैब में कम्युनिटी डे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला सत्र न्यायालय महासमुंद के सहायक प्रोग्रामर धर्मचंद निषाद एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के व्याख्याता डॉ. लक्ष्मीकांत कराल रहे।कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती एवं डॉ भीमराव आंबेडकर के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों एवं प्रतिभागियों के स्वागत के लिए छात्रा किरण साहू एवं योगिता निषाद द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथियों का स्वागत शाला के प्राचार्य जीआर सिन्हा ने पुष्पगुच्छ से किया। प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन एटीएल लैब प्रभारी चंद्रशेखर मिथिलेश तथा मंच संचालन पूजा साहू ने किया।कम्युनिटी डे के अवसर पर निबंध, भाषण, पोस्टर मेकिंग, सोल्डिंग चैंपियन फास्ट एंड फ्यूरियस जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबंध में प्रथम किरण साहू, द्वितीय युवराज साहू, तृतीय अर्पित सिन्हा (शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर) एवं गीतांजलि साहू रही।पोस्टर मेकिंग में प्रथम रश्मि पाटकर, द्वितीय रेणुका चंद्राकर, तृतीय नेहा यादव रही। भाषण में प्रथम चंचल साहू, द्वितीय तुलसी साहू, तृतीय युवराज साहू एवं राखी यादव रही। फास्ट एंड क्यूरियस में प्रथम रेणुका चंद्राकर, द्वितीय भावेश ध्रुव, तृतीय श्वेत ध्रुव रहे। सोल्डिंग चैंपियन में प्रथम युवराज देवांगन, द्वितीय युवराज साहू तथा तृतीय आदित्य साहू रहे। प्रतियोगिता के निर्णायकगण के रूप में आशीष देवांगन, तुलसी साहू, छाया रंगारी, डॉ ज्योति किरण चंद्राकर, आर साहू, मधुमति चंद्राकर, प्रज्ञा लांजेवर, भारती यादव, नीलम राजपूत रही।प्राचार्य जीआर सिन्हा ने अपने उद्बोधन में डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों से प्रेरित इस लैब की अवधारणा को बताते हुए कहा कि यह लैब हर एक के लिए उपयोगी है, चाहे वह एटीएल स्कूल हो या नॉन एटीएल स्कूल, इस लैब का मुख्य उद्देश्य हर एक बच्चे को अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि सहायक प्रोग्रामर धर्मचंद निषाद ने बच्चों को प्रोग्रामिंग के महत्व पर जोर देते हुए उन 10 बच्चों की सराहना की, जिन्होंने सैटेलाइट प्रोग्राम में भाग लिया था। उन्होंने पाइथन प्रोग्रामिंग, आर्डयूनो प्रोग्रामिंग एवं क्लाउड कंप्यूटिंग पर फ्री वर्कशॉप प्रदान करने की बात कही। मुख्य अतिथि व्याख्याता, लक्ष्मीकांत कराल ने बच्चों को पॉलिटेक्निक कॉलेज में इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक लैब के भ्रमण के लिए आमंत्रित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खोमन लाल चंद्राकर, विमल कुमार मन्नाडे, श्रीकांत नसरे एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# पीएससी, व्यापम की निःशुल्क कोचिंग के लिए नटवर स्कूल में मॉक टेस्ट का हुआ आयोजन

रायगढ़, 17 अप्रैल। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा आज जिले के मेधावी प्रतियोगी छात्र-छात्राओं के लिए नटवर स्कूल, रायगढ़ में निःशुल्क कोचिंग के लिए मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें सीजी पीएससी एवं व्यापम परीक्षा के सिलेबस से प्रश्न पूछे गये थे। माक टेस्ट का मॉडल आंसर जिले की वेबसाईट 222.ह्ड्डद्बद्दड्डह्द्ध.द्दश1.द्बठ्ठ में अपलोड की गई है। इस संबंध में किसी भी परीक्षार्थी द्वारा दावा-आपत्ति जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, कलेक्टर कार्यालय परिसर, रायगढ़ में आज कार्यालयीन समय में प्रस्तुत किया जा सकता है।

अगले सप्ताह रविवार दिनांक 23 अप्रैल 2023 को भी मॉक टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि कल हुए मॉक टेस्ट में कुल 170 विद्यार्थी शामिल हुए। 100 नंबर का पेपर था, जिसमें कुल 50 प्रश्न पूछे गये थे। टेस्ट एक घंटे तक चला। मॉक टेस्ट में प्राप्त उच्चतम प्राप्तांकों के आधार पर 100 प्रतियोगी बच्चों का चयन कर उन्हें निःशुल्क कोचिंग दिया जाएगा। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर सुश्री अक्षा गुप्ता, डीएमसी श्री नरेन्द्र चौधरी, एपीसी श्री भुनेश्वर पटेल एवं श्री भूपेन्द्र पटेल, संस्था प्राचार्य रूबी वर्गीस एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।



ये है मॉडल ऑसर(1)गरियाबंद, (2)60.24, (3)रिहंद, (4)कवर्धा, (5)जशपुर सामरी पाट, (6)आर्कियन, (7)सरगुजा, (8)एक, (9) छत्तीसगढ़ महासभा, (10)राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, (11)साल वृक्ष, (12) 28 नवंबर (13)4.11ज, (14) सूरजपुर, (15) 1, 2 एवं 3 सही है, (16) कोरबा-रायगढ़, (17) सी.ए4, बी3, सी2, डी1, (18) हसदो, (19)सोयाबीन, (20) डी. ए2, बी3, सी4, डी4, (21)10 हजार, (22)9वें, (23)कटघोरा, (24) रेडियो संगवारी, (25)221 रुपए, (26) लोहा, (27)गुप्त युग, (28)चैतन्य, (29) सुमन्त, (30)बीरबल, (31) पुर्तगालियों ने, (32) अरविंद घोष, (33) कैबिनेट मिशन योजना, (34)पिंगली वेंकय्या, (35) एक बार, (36)तीन, (37)6 माह, (38)सम्पत्ति का अधिकार, (39) संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्यों तथा राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्यों द्वारा, (40) आरक्षण विवाद, (41) भारतीय रिजर्व बैंक, (42) हाइड्रोजन, (43) टार्टरिक अम्ल, (44) प्रकाश वैद्युत प्रभाव के लिए, (45)एनीमोमीटर, (46)अटलांटिक महासागर, (47)1 केबी, (48)सरबजोत सिंह, (49) उपर्युक्त सभी, (50) नई दिल्ली।

### युवक ने घर में खुदकुशी कर ली

भिलाई, 17 अप्रैल। भिलाई जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र करंजा भिलाई भाठापारा में एक युवक ने रविवार की शाम को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली अभी तक घटना का कारण अज्ञात है जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान तुलाराम नेताम ( 26 ) के रूप में की गई है वो अपने माता पिता के साथ रहता था वो खुद भी मजदूरी करता था और उसके माता पिता भी काम पर जाते हैं। रविवार को उसके माता पिता काम पर गए हुए थे इसी दौरान शाम करीब चार बजे उसने अपने घर की म्यार में नायलान की रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली शाम को उसका पिता बहलराम नेताम काम से वापस घर पहुंचा तो उसे दरवाजा अंदर से बंद आवाज देने पर कोई जवाब न मिलने पर उसे संदेह हुआ। उसने दरवाजे को धक्का देकर खोला तो उसके बेटे की लाश फंदे पर लटकी हुई थी उसने पड़ोसियों की मदद से उसे नीचे उतारा और उसे अस्पताल ले जा रहा था, लेकिन उसकी मौत हो गई थी इसके बाद पुलिस क इसकी जानकारी दी गई।

### तेज रफ्तार कार ने कार को टक्कर मारी

**भिलाई, 17 अप्रैल।** भिलाई दुर्ग पाटन मार्ग पर दैमार पंदर चौक के पास एक सड़क दुर्घटना हुई है तेज रफ्तार कार पाटन की तरफ से आ रही थी जो कि पंदर की तरफ मुड़ रही कार को जबरदस्त ठोकर मार दी जानकारी के मुताबिक जगदीश ज्वेलर्स पाटन के संचालक दुर्ग से जा थे। दैमार मोड़ के पास वे पंदर की तरफ मुड़ रहे थे। बताया जा रहा है कि पाटन की तरफ से कार चालक तेज़ गति से गाड़ी को चलाते आ रहे थे अचानक गाड़ी को देखा तो तेज रफ्तार कार को नियंत्रित नहीं कर पाया ओर सीधे जगदीश ज्वेलर्स वाले के कार को ठोकर मार दिया। बताया जाता है की पाटन की तरफ से आ रही कार गोवरा नया पारा से आ रही थी।

### थाना परिसर में मंदिर के लिए भूमिपूजन



**भिलाई, 17 अप्रैल।** भिलाई नवनिर्मित होने वाले वैशाली नगर थाने परिसर में बजरंग बली के मंदिर का दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने भूमिपूजन किया गया उन्होंने कहा कि ये मंदिर जनसहयोग से बनाया गया है थाना तेजी से बनाया जा रहा है। इस अवसर पर भिलाईनगर सीएसपी निखिल राखेचा,वैशालीनगर टीआई त्रिनाथ त्रिपाठी,कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह,रामानंद मौय सहित पार्षद स्मिता दोड़के अन्य लोग मौदूज थे।

■ अमित अग्रवाल बने छग चेंबर ऑफ कामर्स शहर ईकाई के अध्यक्ष

# सामंजस्य एवं मजबूत संगठन बनाने को लेकर हुआ सीसीसीआई का गठन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 17 अप्रैल।** व्यापारिक रिश्तो मे मधुरता के साथ संगठन मे मजबुती बनाने का उददेश्य लेकर छ.ग. चेंबर ऑफ कामर्स की शहर ईकाई का गठन किया गया है,जिसके अध्यक्ष युवा व्यवसायी अमित अग्रवाल(कोतबा) को बनाया गया है। उन्होने अध्यक्ष बनते ही व्यापारिक स्थिरता के साथ व्यापारियों के आपसी संबंध एवं संगठन की मजबुती पर काम करने की बात कही। छ.ग. चेंबर ऑफ कामर्स एवं इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी,महामंत्री अजय भसीन,प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव,राम मंथान,मनमोहन अग्रवाल एवं जिला प्रभारी राम खुबवानी ने जिले की ईकाई का विस्तार करते हुये युवा व्यवसायीयों को नवीन कार्यकारिणी मे शामिल किया है,जिसमे संगठन मे मजबुती लाने की दिशा मे कार्य किया जा सके। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि अध्यक्ष पद का दायित्व उन्हे मिलने के साथ सरंक्षक का पद सत्यनारायण अग्रवाल,सचिव श्याम सुंदर अग्रवाल,कोषाध्यक्ष अंकुर गोयल,उपाध्यक्ष जसबीर सिंह भाटिया एवं नवीन गर्ग को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी ने सभी मनोनित पदाधिकारीयों को बधायी दी है,उनका कहना है कि ये सभी व्यापार एवं उद्योग के हित मे कार्य करते हुये चेंबर को नयी उंच्चाईयों तक लेकर जायेंगे। उनका











## एक नजर

### मोबाइल से गाली गलौज करने वाले के खिलाफ अपराध दर्ज

**सिमगा, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खेमराज घिदौड़े ने एस डी एम सिमगा के स्थानंतरण संबंधी 3 पोस्ट अपने मोबाइल से अपने फेसबुक एकाउंट में 3 जून 2022 को पर पोस्ट किया था। जिसमें व्यक्ति विशेष का नाम नहीं है उस पोस्ट पर रमेश घृतलहरे द्वारा अशोभनीय शब्दों का प्रयोग कर अश्लील गाली गलौज अतलंग मत कर रे मां बहन की गालीगलौज जैसे कमेंट किया वहीं रमेश घृतलहरे ने रात्रि 8 . 20 को फोन नबंर 8839975341 से खेमराज घिदौड़े के फोन नं 9753436935 में फोनकर कर मुझे अश्लील गाली गलौज करते हुए अभी तू कहां है अभी आता हूँ कहकर धमकी दिया जिसकी शिकायत सिमगा थाना में किया है। पुलिस ने प्रार्थी खेमराज घिदौड़े की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रमेश घृतलहरे के विरुद्ध में धारा 507 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### धार्मिक सद्भावना बिगाड़ने की शिकायत पर 9 लोगों को नोटिस

**डोंगरगढ़, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्ग दर्शन में जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर धार्मिक भावनाओं से जुड़े पोस्ट या विडियो शेयर करने वालों के विरूद्ध अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्रों में निगरानी बनाये रखने हेतु हिदायत दिया गया था। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुचाने संबंधी पोस्ट करने की शिकायत प्राप्त होने पर संबधित व्हाट्सप ग्रुप के सदस्य धीरज पटेल एवं ग्रुप एडमिनों को पोस्ट के संबध मे 02 दिवस के अंदर अपना जवाब प्रस्तुत करने के लिए नोटिस दी गई है। राजनांदगांव पुलिस अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर धार्मिक भावनाओं से जुड़े पोस्ट या विडियो शेयर करने वालों पर पैनी नजर रखी हुई है।

### कोविड़ से सभी लोगों को सावधान रहने की जरूरतः सीएमएचओ

**बलौदाबाजार, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम जुड़ा के निवासी 65 वर्षीय फिरत राम को जिला अस्पताल बलौदाबाजार में बेहोशी की हालत में 12 अप्रैल को भर्ती करवाया गया था। जहां उसकी आर टी पी सी आर जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा एवं अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक को पूर्व में 1 माह से लगातार बुखार बना रहता था जिसकी उसने जांच कराई थी जांच में उसकी टाइफाइड की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी इसके पश्चात मरीज कुछ दिन तक शहर के दो निजी अस्पताल आनंद हॉस्पिटल एवं राम हॉस्पिटल में भी भर्ती रहा था। वहाँ से रिफर होकर उन्हें जिला हॉस्पिटल लाया गया था। डॉ एम पी महिस्वर ने कोविड़ से घबराने की नहीं बल्कि उससे सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा आप सभी कोविड़ के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें हो सके तो भीड़ भाड़ वाले जगहों से बचने एवं मास्क का सतत उपयोग करनें कहा है। किसी भी तरह लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अवश्य जांच कराएं।

# नगर के लिए उपलब्धियां नहीं गिना पाए सांसद

## पत्रकारवार्ता में कहा कहा बहुत सी उपलब्धियां, डोंगरगढ़ में राजनांदगांव की उपलब्धियां गिना रहे, कार्यकर्ता को लगाई फटकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 17 अप्रैल।** माई की नगरी में नगर साहू समाज के कार्यक्रम में पहुंचे सांसद ने विश्राम गृह में प्रेस से चर्चा की इस दौरान पूर्व विधायक रामजी भारती जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी वरिष्ठ नेता कुलवंत कक्कड़ भाजपा अध्यक्ष अमित जैन व जैन मेश्राम नेता प्रतिपक्ष अमित छावड़ा वीरेंद्र सोनी मारुति सांसद प्रतिनिधि मोंटी भाटिया महामंत्री राकेश अग्रवाल सहित गिनती के कार्यकर्ता उपस्थित थे। सांसद ने कहा कि राजनांदगांव मे 60 करोड़ के काम हो रहे हैं गौरीनगर व स्टेशन पारा अंडर ब्रिज में 45 करोड़ के कार्य प्रारंभ है मोतीपुर अंडर ब्रिज के लिए भी पहल की जा रही है तीसरी लाइन पूरी हो चुकी है चौथी लाइन का काम चालू है। अमृत काल में राजनांदगांव के साथ-साथ डोंगरगढ़ को भी जोड़ा गया है क्योंकि नवरात्रि में अच्छी भीड़ रहती है इसलिए रेल सुविधाएं जैसे लिफ्ट एक्सीलेटर भव्य गेट के लिए सहमति मिली है। जल्द ही कार्य भी होंगे। कैंटीन भोजनालय व मनोरंजन के साधन के लिए भी अधिकारियों से चर्चा की गई है। मुसरा में प्लेटफार्म बढ़ाने का कार्य नवीनीकरण हुआ है। अतिरिक्त टिकट घर के लिए भी मैंने पत्र लिखा है ।

कोटा से डोंगरगढ़ तक रेल लाइन के लिए हम अभी तक वंचित हैं प्रयास जारी है राज्य सरकार अपना राज्यांश देकर इस कार्य को चालू करें तो खैरागढ़ गंडई छुईखदान लोहारा सहित अन्य क्षेत्र लाभान्वित होंगे। सांसद यह नहीं बता पाए कि 4 वर्षों में डोंगरगढ़ में रेलवे की क्या उपलब्धि है भाजपा कार्यकर्ता वीरेंद्र सोनी मारुति ने खड़े होकर सीधे कहा कि आप अपने 4 साल की उपलब्धियां बताएं कौन सी ट्रेन को स्थापेज मिला है या रेलवे में और क्या कार्य हुए हैं कालकापारा की ओर अंडर ब्रिज अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है अब जन आंदोलन का सहारा बचा है तो सांसद ने पूछा आप भाजपा कार्यकर्ता हो या प्रेस से बताया कि पूर्व पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष हूं वैसे ही कहा कि आपको यह ज्ञान होना चाहिए की प्रेस के सामने हो रही चर्चा में इस तरह के सवाल नहीं किए जाते । श्री सोनी ने एक चर्चा में कहा की 2019 के लोकसभा चुनाव में रेलवे वार्ड में वे बूथ अध्यक्ष थे और 88 वोट से पांडे जी को विजयश्री दिलाई थी आज वे कार्यकर्ता को नहीं पहचान रहे पार्टी कार्यकर्ता से ही बनती है।

**कालकापारा अंडर ब्रिज डोंगरगढ़ की लाइफ लाइनः** उपस्थित कार्यकर्ताओं युवाओं तथा प्रेस ने एक स्वर में कहा कि कालकापारा अंडर ब्रिज डोंगरगढ़ की लाइफ लाइन है जब सैकड़ों वर्षो से यहां से आवागमन प्रारंभ था तो अब



किस आधार पर बंद कर दिया गया पूर्व पालिकाध्यक्ष तरुण हथेल के कार्यकाल में 26 लाख रुपए की लागत से किस आधार पर रेलवे का अंडर ब्रिज में सड़क का काम हुआ था उद्घाटन भी आम जनता ने किया था उस समय रेलवे ने कोई कदम क्यों नहीं उठाया जबकि रेलवे के क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा कार्य करने को लेकर रेलवे को तत्काल कार्रवाई करनी थी यदि अनुमति नहीं थी तो फिर कई वर्षों तक फोर व्हीलर तक यहां से कैसे आ जा रहे थे अब निर्माण के नाम पर पहले ब्रिज बंद किया उसे परमानेंट कर दिया। सांसद ने यह जरूर कहा कि अंडर ब्रिज के लिए नागरिकों की जैसी इच्छा है वह पूरी होगी किंतु कब पूरी होगी यह जवाब भी नहीं दे पाए। लोगों ने कहा कि नवरात्रि में जो अंडर ब्रिज चालू हुआ था उसे बंद कराने में सांसद का हाथ है इस तरह का आरोप है जवाब में कहा कि आरोप कुछ भी लग सकते हैं हम प्रयास कर रहे हैं।

**तीन किलोमीटर लंबा सफरः** आज शहर की आधी आबादी कालकापारा की तरफ रहती है वहां से आने जाने वालों को खासी असुविधा का सामना करना पड़ता है यदि रेलवे चौक रेलवे कॉलोनी सेंट्रल स्कूल रेलवे स्कूल अन्य स्कूल आना जाना हो तो साइकिल सवार 3 किलोमीटर अतिरिक्त रास्ता तय कर पहुंचता है टू व्हीलर वाले भी यदि दिन में 4 चक्कर लगा ले तो ?100 का पेट्रोल जल जाता है मजदूर वर्ग व दिव्यांग किस तरह आना-जाना कर रहे हैं उनकी तकलीफ रेलवे नहीं देख रहा यहां तक कि लोको सैड का रास्ता भी बंद कर दिया गया अब अंडर ब्रिज जो बमलेश्वरी मंदिर के लिए बनाया गया के अलावा कोई रास्ता नहीं। व्यवसाई रतन राठौड़ ने कहा कि रेलवे अंडरब्रिज के समीप क्वाटर बनाने जा रही है फिर बहाना मिल जाएगा ब्रिज बंद करने का। इसलिए इसका परमानेंट खोला जाना आवश्यक है। वे बचपन से ही अपनी दुकान इसी ब्रिज से आना-जाना करते रहे हैं। नवरात्र के 18 दिनों में और गंभीर स्थिति होती है पुलिस शहर में आने से रोकती है तो आधे शहर के लोग किस तरह आना-जाना करते हैं वही जानते हैं।

**गाड़ी लेटलतीफी पर कोई ठोस जवाब नहीं:** जब लोगों ने गाड़ी की लेटलतीफी पर सवाल किया तो सांसद कोई ठोस जवाब नहीं दे पाए नागरिकों विशेषकर विद्यार्थियों ने बताया कि वे 8:30 बजे की लोकल से राजनांदगांव कॉलेज में पढ़ने जाते हैं 11 बजे पहुंचते हैं 10 बजे क्लास प्रारंभ हो जाती है हमारे भविष्य का क्या होगा। सांसद हंसते रहे कोई जवाब नहीं दिया आउटर में तथा आसपास के स्टेशनों में मालगाड़ी के चलते घंटों ट्रेन का खड़े रहना का सवाल भी सांसद ने टाल दिया सिर्फ यही कहा कि पूरे प्रदेश के सांसद रेल मंत्री से मिल चुके हैं जल्द ही इस समस्या का हल होगा। रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर एक पर आने वाली ट्रेन चार नंबर पर ली जा रही है कभी भी कोई भी ट्रेन किसी भी प्लेटफार्म में बदल दी जाती है उसका कारण मालगाड़ी का संचालन सुचारू रूप से करना है सांसद ने इसका जवाब नहीं दिया। प्लेटफार्म नंबर 4 छोटा बना है आधी ट्रेन प्लेटफार्म से आगे खड़ी होती है लोग कूदकर किसी तरह उतरते हैं कई लोग प्लेटफार्म नहीं आया है सोच कर बैठे रहते हैं और आगे बढ़ जाते हैं का सवाल भी सांसद ने टाल दिया। बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्ना लाल नंदेश्वर ने कहा चुंकि यह टूरिस्ट क्षेत्र है यहां बाहर से लोग आना-जाना करते हैं ट्रेनों की सुविधा नगण्य है एक नंबर की गाड़ी को 3 नंबर 4 नंबर में ले लेता है लोग दौड़ भाग करते रहते हैं छोटे बच्चों के साथ खासी परेशानी होती है ट्रेन छूट जाती है इस पर ध्यान देना आवश्यक है सुबह 4 बजे की बिलासपुर लोकल तथा 5 कि नागपुर लोकल भी बंद है के सवाल पर भी ठोस जवाब नहीं मिला। ट्रेन लेट होने से पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है डोंगरगढ़ मे पढ़ाई की अच्छी सुविधा नहीं है बाहर जाने वाले बच्चे यदि समय पर आना जाना होगा तो भविष्य गढ लेंगे।

# किसानों से केसीसी लोन आहरण के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 17 अप्रैल।** किसानों को केसीसी लोन दिलाने के नाम पर 14 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपित मेढ़ा सोसायटी समिति प्रबंधक कुलदीप विश्वकर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी गौचन्द पिता सोनसाय उम्र 55 साल निवासी ग्राम पिनकापार थाना डोंगरगढ़ का 14 अप्रैल को थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया की ग्राम मेढा सोसायटी में 60000/रू का के.सी.सी. लोन लिखवाया था। समिति प्रबंधक आरोपी कुलदीप विश्वकर्मा के द्वारा प्रार्थी गौचन्द को कोरा लोन फार्म में कई जगहो पर हस्ताक्षर कराकर उनके नाम से अधिक राशि का लोन लिखवाकर अधिक राशि को अपने पास रख लिया है। इनके अलावा अन्य किसान गुलाब पिता रामचरण निवासी धनडोगरी से 40000/रू, बेलदार पिता परउ निवासी धनडोगरी से 90000/रू, बेदूराम पिता परसाही निवासी धनडोंगरी से 40000/रू, सेवा राम पिता साहूकार



निवासी धनडोंगरी से 60000/रू, शत्रुहन पिता सियाराम निवासी धनडोगरी से 90000/रू, पिलूराम पिता मयाराम धनडोंगरी से 1,70000/रू, मकुंद पिता सोन साय निवासी पिनकापार से 1,50000/रू, नंद कुमार पिता कूदे सिंह निवासी पिनकापार से 2,50000/रू, दयालाल पिता मूंगे सिह निवासी पिनकापार से 60000/रू, गनपत पिता लालराम निवासी मुढपार 1,50000/रू, रतन पिता पुसउ निवासी मेढा से 85000/रू, धुनू पिता देवारू धनडोंगरी से 29000/रू, शत्रुघन कंवर पिता रामभजन निवासी धनडोंगरी से 10000/रू, सालिक कुमार पिता चंदर सिंह धनडोंगरी से 25000/रू कुल राशि लगभग 14,24000/रू मेढा सोसायटी प्रबंधक द्वारा के0सी0सी0 लोन के पेपर में हस्ताक्षर करवाकर फर्जी तरिके से लोन निकलवाकर धोखाधडी कर पैसा आहरण कर लिया है। जिस संबंध में थाना डोंगरगढ में अपराध क्रमांक 184/2023 धारा 420,409 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण में मामले की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लखन पटले के मार्ग दर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री प्रभात पटेल के पर्यवेक्षण में उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में टीम तैयार किया गया था। दिनांक 15/04/2023 को आरोपी कुलदीप विश्वकर्मा इंदिरा नगर डोंगरगढ में होने की सूचना मिलने पर उसे थाना लाकर पूछताछ करने पर, आरोपी द्वारा बताया गया की किसानो को के.सी.सी. लोन दिलाने के नाम पर मेरे द्वारा धोखधडी किया गया है, मामले में उक्त आरोपी से 20000/रू, पासबुक, व 15 नग चेक बुक को जप्त किया गया है।

# शराब कोचियों पर पुलिस ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 17 अप्रैल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल के दिशानिर्देश पर अवैध शराब विक्रय पर अकुंश लाने हेतु एक विशेष टीम तैयार कर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में अलग-अलग जगहो पर मोचीपारा, ढीमरापारा, कंडरापारा डोंगरगढ, बस स्टैण्ड



डोंगरगढ मे दबिश की दी गयी है। उपरोक्त आरोपीगणो से देशी शराब 38 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब कीमती 3850 /रू को विधिवत जप्त किया जाकर आरोपियो के विरूध्द पृथक पृथक अपराध क्रमांक 193/23, 194/23, 195/23 धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है। इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी, सूचना मिलने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।


## एनएमडीसी लिमिटेड,

(भारत सरकार का उद्यम)

कार्पोरेट परिचय क्रमांक L13100TG1958GO1001674

बैलाडिला लौह अयस्क खान, किरंदुल कॉम्पलेक्स, दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़) 494556

प्रशिक्षण, सुरक्षा एवं पर्यावरण विभाग

क्रमांकः केसी/प्र सु एवं पर्या/93/626/2023 दिनांक : 16/04/2023

### अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के लिए वॉक इन इंटरव्यू की अधिसूचना

एनएमडीसी लिमिटेड बैलाडीला आयरन ओर माईन किंरदुल कॉम्प्लेक्स अप्रेंटिसशिप एक्ट 1961 तथा संशोधित 1973 1976, 2014, 2017 तथा 2019 के अंतर्गत ग्रेजुएट अपरेंटिस, तकनीशियन (डिप्लोमा) आपरेंटिस और ट्रेड आपरेंटिस के लिए वॉक-इन इंटरव्यू का आयोजन कर रहा हैं । निम्नलिखित योग्यता रखने वाले अभ्यार्थियो साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। रिक्तियों का विवरण नीचे दिया गया है।

(अ) ट्रेड प्रशिक्षु

| क्र.सं. | वर्ग | रिक्तियों की संख्या | अर्हता | वॉक इन इनरव्यू की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इलेक्ट्रिशियन | 27 | आई.टी.आई. परीक्षा उत्तीर्ण | 27/04/2023 |
| 2 | मशिनिष्ट | 04 | आई.टी.आई. परीक्षा उत्तीर्ण | 28/04/2023 |
| 3 | फिटर | 12 | आई.टी.आई. परीक्षा उत्तीर्ण | |
| 4 | वेल्डर | 23 | आई.टी.आई. परीक्षा उत्तीर्ण | 29/04/2023 |
| 5 | मेकनिक डीजल | 22 | आई.टी.आई. परीक्षा उत्तीर्ण | 30/04/2023 |
| 6 | मेकेनिक मोटर व्हीकल | 12 | आई.टी.आई. परीक्षा उत्तीर्ण | |
| 7 | कोपा | 47 | आई.टी.आई. परीक्षा उत्तीर्ण | 02/05/2023 |

(ब) स्नातक प्रशिक्षु

| क्र.सं. | वर्ग | रिक्तियों की संख्या | अर्हता | वॉक इन इनरव्यू की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 8 | केमिकल इंजीनियरिंग | 01 | 4 वर्षीय केमिकल इन्जी.में डिग्री | 04/05/2023 |
| 9 | सिविल इंजीनियरिंग | 06 | 4 वर्षीय सिविल इन्जी.में डिग्री | |
| 10 | कम्प्यूटर इंजीनियरिंग | 01 | 4 वर्षीय कम्प्यूटर इन्जी.में डिग्री | |
| 11 | इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग | 02 | 4 वर्षीय इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग में डिग्री | 05/05/2023 |
| 12 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 06 | 4 वर्षीय इलेक्ट्रीकल इंन्जी.में डिग्री | |
| 13 | औद्योगिक इंजीनियरिंग | 01 | 4 वर्षीय औद्योगिक इंन्जी.में डिग्री | |
| 14 | मेकेनिकल इंजीनियरिंग | 08 | 4 वर्षीय मेकेनिकल इन्जी.में डिग्री | 06/05/2023 |
| 15 | माईनिंग इंजीनियरिंग | 10 | 4 वर्षीय माईनिंग इन्जी. में डिग्री | |
| 16 | पर्यावरण इंजीनियरिंग | 01 | 4 वर्षीय पर्यावरण इन्जी.में डिग्री | |

(स) तकनीशियन (डिप्लोमा) प्रशिक्षु

| क्र.सं. | वर्ग | रिक्तियों की संख्या | अर्हता | वॉक इन इनरव्यू की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 17 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 03 | 3 वर्षीय इलेक्ट्रिकल इन्जी.में डिप्लोमा | 07/05/2023 |
| 18 | मेकेनिकल इंजीनियरिंग | 04 | 3 वर्षीय मेकेनिकल इन्जी.में डिप्लोमा | |
| 19 | माईनिंग इंजीनियरिंग | 01 | 3 वर्षीय माईनिंग इन्जी.में डिप्लोमा | |
| 20 | रेडियोग्राफी | 01 | 3 वर्षीय रेडियोग्राफी में डिप्लोमा | 08/05/2023 |
| 21 | फॉरमासिटीकल साईंस | 01 | 3 वर्षीय फॉरमासिटीकल साईस में डिप्लोमा | |

**पात्रता मापदंड** : वे उम्मीदवार जिन्होंने शिक्षुता अधिनियम 1961 के तहत कहीं और शिक्षुता प्रशिक्षण कर चुके है / कर रहे है / के लिए पंजीकरण किया है, वे उम्मीदवार के लिए पात्र नहीं होगें। ऐसे उम्मीदवार जो मई 2020 मे या उसके पश्चात पात्र परीक्षाओ में उत्तीर्ण हुए है वे प्रशिक्षण प्रशिक्षु के लिए पात्र होगें। उम्मीदवार जिनकी 31/03/2023 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 30 वर्ष के है वे शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए पात्र होगें । आरक्षित वर्ग के लिए अधिकतम आयु में छूट लागू नियमों के अनुसार होगी। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों का चयन अपरेंटिस अधिनियम 1961 के तहत सरकार द्वारा निर्धारित कोटे के अनुसार किया जाएगा।

तथ्यों को छिपाने से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अयोग्यता हो जाएगी। शिक्षुता प्रशिक्षण योजना शिक्षुता प्रशिक्षण के पूरा होने पर किसी रोजगार की गारंटी नहीं देती है। शिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष की होगी।

वॉक इन इंरव्यु का आयोजन बैला क्लब एवं प्रशिक्षण संस्थान बी. आई. ओ. एम, किरन्दुल कॉम्प्लेक्स, किरन्दुल, पिन 494556 दंतेवाड़ा (छ.ग ) में उपरोक्त दर्शाये गये तिथि में प्रातः 9:00 बजे से संध्या 5:30 बजे तक किया जाएगा। वॉक इन इंरव्यु मे उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को पंजीयन करने हेतु अपरान्ह 1:00 बजे से पहले सात्ककार स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य है। जो उम्मीदवार साक्षात्कार में भाग लेंगे, उन्हें किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी। प्रशिक्षु को प्रशिक्षण के पश्चात बैलाडीला लौह अयस्क खान, किरन्दुल कॉम्पलेक्स, किसी भी प्रकार के रोजगार देने के लिए बाध्य नही होगा।

साक्षात्कार के पूर्व उम्मीदवार सत्यापन के लिए बायोडाटा (पासपोर्ट साइज फोटो के साथ) एवं आवश्यक दस्तावेज तथा जन्म तिथि प्रमाण पत्र (10 वीं पास प्रमाण पत्र ), जाति प्रमाण पत्र, योग्यता प्रमाण पत्र की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रतिलिपियां लावें तथा सत्यापन हेतु मूल प्रमाण पत्र भी लावें। जॉच के उपरान्त सभी दस्तावेज की एक एक सत्यापित प्रति जमा करनी होगी। प्रशिक्षु अधिनियम 1961 के अनुसार स्टाइपेंड देय होगा। प्रशिक्षु को प्रशिक्षण की अवधि के दौरान स्वयं को अवास एवं भोजन की व्यवस्था करनी होगी।

**टिप्पणी** : अभ्यार्थियो को सूचित किया जाता है कि सूची (अ) ट्रेड आपरेंटिस में भाग लेने के लिए अप्रेन्टिसशिप पोर्टल www.apprenticeshipindia.gov.in में अपना रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सूची (ब) स्नातक प्रशिक्षु एवं (स) तकनीशियन (डिप्लोमा) प्रशिक्षु में भाग लेने के लिए अप्रेन्टिसशिप पोर्टल www.mhrdnats.gov.in में अपना रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले सभी अभ्यार्थियों को उस समय छत्तीसगढ़ सरकार के नियम एवं विनियमों के अनुसार COVID-19 दिशानिर्देशों और प्रोटोकॉल का पालन करना होगा।

**सहायक महाप्रबंधक (खनन)**
**प्रशिक्षण, सुरक्षा एवं पर्यावरण विभाग**


# परमारबाड़ा से कालकापारा अंडरब्रिज खुलवाने 19 को होगा उग्र आंदोलन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 17 अप्रैल।** क्षेत्रीय विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल ने रविवार को कार्यकर्ताओं के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के नाम स्टेशन प्रबंधक ए के मंडल को ज्ञापन सौंपकर शहर की लाइफ लाइन कही जाने वाली मार्ग परमारबाड़ा से कालकापारा अंडरब्रिज ना खुलने की स्थिति में 19 अप्रैल को स्टेशन के पास उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान प्रदेश नपा एल्डरमैन रिमी भाटिया रूपचंद खोबरागडे हरीश भंडारी नलिनी मेश्राम किरण देउढकर दशरत ठाकुर नरेस करसे किरण मेश्राम ममता शिंदें अकिल कुरेशी शिवानंद यादव गौरव टेम्बुवर प्रमोद टेम्बुरकर एडविन हैदर निजार जीवा सजय यादव रेखा खोबरागड़े सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। ज्ञापन में बताया गया कि डोंगरगढ़ की परमारबाड़ा से कालकापारा अंडरब्रिज को विगत कुछ वर्षो से निर्माणाधीन कार्य चल रहा हैं करके बंद कर दिया गया था दिनांक 11. 3. 2023 को डीआरएम नागपुर को मां बमलेश्वरी देवी चैत्र नवरात्रि पर्व हेतु दर्शनार्थी व आम नागरिकों के लिए उक्त उल्लेखित अंडर ब्रिज को चालू करने हेतु आग्रह किया गया था तब कुछ दिनों के लिए उक्त अंडर ब्रिज खोला गया था जिसे मेला समाप्ति के बाद रेलवे द्वारा मिट्टी डाल कर पुनः बंद कर दिया गया है, जिससे रेलवे के दुसरे छोर कि ओर के वार्ड नंबर 6, 7, 8, 9,10,11 के आम नागरिको को आवागमन में बहुत असुविधा हो रही है 7 रेल प्रशासन द्वारा बार बार जन समस्याओं की अनदेखी किये जाने से क्षेत्र वासियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। ज्ञात हो गई इससे पहले भी क्षेत्रीय विधायक भुनेश्वर बघेल व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान द्वारा रेलवे के अधिकारियों को पत्र के माध्यम से उपरोक्तानुसार रेलवे अंडरब्रिज को जनहित में खोले जाने हेतु अनुरोध किया गया था। जिस पर आज पर्यन्त कोई कार्यवाही नही होने से आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों में स्थानीय रेल प्रशासन के विरूध्द जन आकोश बढ़ गया हैं। कार्यकर्ताओं ने कालका पारा अंडर ब्रिज को स्थाई रूप से नहीं खोले जाने पर दिनांक 19 अप्रेल 2023 को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के पास में उग्र जन ज़ आन्दोलन की चेतावनी दी है।

# नियमों का पालन नहीं करने वालों पर पुलिसिया कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा 17 अप्रैल को यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर कार्यवाही की गई। भारी वाहनो में राखड (डस्ट) लोड़ कर नियमो की अनदेखी कर, रोड़ में राखड गिराते ले जाते हुए परिवहन करने वाले वाहन चालको पर की गई सख्ती ऐसे नियम विरुद्ध राखड भरकर चलने वाले वाहन चालकों के 07 प्रकरण तैयार कर न्यायालय किया गया पेश। उक्त 07 प्रकरणों में न्यायालय द्वारा किया गया 3, 22, 000 अर्थदण्ड से दण्डित। सांथ ही न्यायालय के आदेश पर उक्त ओव्हर लोड वाहनो में भारक क्षमता से अधिक माल को भी कराया गया खाली। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक पर कार्यवाही कर पेश किये गए 01 प्रकरण में न्यायालय द्वारा किया गया 10, 000 के अर्थदण्ड से दण्डित। नो पार्किंग में वाहन खडी करने वाले चालको पर भी कार्यवाही कर वसूला गया 4200 जुर्माना। हेडलाईट का आधा काला न होना 01 प्रकरण 300 समन शुल्क। नो पार्किंग में वाहन चलाना 14 प्रकरण 4200 समन शुल्क। मौके पर कागजात पेश न करना 02 प्रकरण 600 समन शुल्क। बिना सीट बेल्ट लगाए पुलिस अधिकारी आदेश की अवहेलना 01 प्रक. 1000 समन शुल्क। पुलिस अधिकारी की अवहेलना 01 प्रकरण 500 समन शुल्क। यातायात पुलिस द्वारा कुल 20 प्रकरण मे 6600 समन शुल्क लिया गया है। वही न्यायालय पेश कुल 08 प्रकरणो में न्यायालय द्वारा किया गया अर्थदण्ड 3, 32, 000 से दण्डित। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर के निर्देशन मे आज दिनांक 13.04.2023 को यातायात प्रभारी निरीक्षक नरेश कांगे एवं स्टाफद्वारा, उपरोक्त दर्शित मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले चालको पर सख्ती से कार्यवाही कर वसूला गया जुर्माना।


**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202304082200009 /अ/20 ( 4 ) वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रीता बाई बेवा अरूण कुमार साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने नगर कवर्धा स्थित नजूल भूमि शीट क्रं. 16ए भू-खण्ड क्रं. 92/2 क्षेत्रफल 244.00 व.मी. जो कि रीता बाई बेवा अरूण कुमार के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। जिसमें से आवेदिका द्वारा क्षेत्रफल 81.00 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 27/4/2023 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 13/4/2023 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांकः-13/4/2023**
**पेशी दिनांकः- 27/4/2023**

मुहर **नजूल अधिकारी कबीरधाम**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202304082200007 /अ/20 ( 4 ), वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वरूण शर्मा पिता रामकृष्ण शर्मा साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने नगर कवर्धा स्थित नजूल भूमि शीट क्रं. 16ए भू-खण्ड क्रं. 92/1 क्षेत्रफल 245.00 व.मी. जो कि वरूण शर्मा पिता रामकृष्ण शर्मा के नाम पर नजूल अभिलेख भूमि स्वामी के रूप में दर्ज है। जिसमें से आवेदक द्वारा क्षेत्रफल 83.00 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 27/4/2023 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 13/4/2023 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांकः-13/4/2023**
**पेशी दिनांकः- 27/4/2023**

मुहर **नजूल अधिकारी कबीरधाम**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**

क्रमांक/ /तह./वा./23
सिमगा, दिनांक 29/03/2023
रा.प्र.क्र............./ब-121/2023
ग्राम-चंदेरी प.ह.नं. 12

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक बिटावन बाई पति परदेशी जाति निवासी ग्राम चंदेरी थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर आवेदन किया है कि उनकी स्वयं बिटावन पति परदेशी का (जन्म) दिनांक 01/07/1961 को ग्राम चंदेरी में होने पर भूलवश जन्म का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण जन्म पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 18/04/2023 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।


आज दिनांक 29/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर **कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा**

## एक नजर

### 25 अप्रैल को जगतगुरु शंकराचार्य की जयंती मनाई जाएगी

रायपुर, 17 अप्रैल। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के द्वारा 25 अप्रैल मंगलवार को



राजधानी रायपुर के सत्संग भवन दूधाधारी मठ में भगवान आद्य जगतगुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारी में प्रदेश स्तर के गोस्वामी समाज के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। कार्यक्रम मंत्रोचार के साथ 11 बजे से प्रारंभ होगा। पूजा अर्चना पश्चात शंकराचार्य पर केंद्रित व्याख्यान अतिथि स्वागत युवती परिचय सम्मेलन रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ राम सुंदर दास महाराज मंडलेश्वर एवं पीठाधीश्वर दूधाधारी मठ अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग होंगे। अध्यक्षता श्री 108 महंत विवेक गिरी महाराज थानापति गौर कांपा आश्रम करेंगे। विशिष्ट अतिथि विकास उपाध्याय विधायक रायपुर, विशिष्ट अतिथि बृजमोहन अग्रवाल विधायक रायपुर होगे। अतिथि, महंत होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर बन, कोषाध्यक्ष सुधीर बन, महासचिव दिनेश पुरी, जिला अध्यक्ष वेद पुरी, कोषाध्यक्ष योगेंद्र पुरी, जिला सचिव प्रेमेंद्र गिरी गोस्वामी द्वारा तैयारी की जा रही है।

### मकान में मिली युवक की लाश

रायपुर, 17 अप्रैल। राजधानी के सरोना में एक मकान में युवक की संदिग्ध हालत में लाश मिली है. युवक की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है. यह पूरा मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, डीडी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरोना के एक मकान में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है. स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है. बताया जा रहा है कि जिस रूम में युवक की लाश मिली है, उसका दरवाजा अंदर से बंद था. जिसके बाद स्थानीय लोग और पुलिस ने मिलकर दरवाजा तोड़ा और शव को बाहर निकाला. ये घटना हत्या है या आत्महत्या इसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है।

### मनीषा बनी प्रदेश अध्यक्ष

रायपुर, 17 अप्रैल। राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा नंदकिशोर



मिश्रा की अनुमति से राष्ट्रीय महासचिव एस.डी. विजयन की सहमति से राष्ट्रीय संगठन मंत्री यशवंत सिंह की अनुशंसा पर मनीषा सिंह बघेल को अखिल भारत हिंदू महासभा छत्तीसगढ़ की महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### सीएम ने दी बिजली के झटकों से राहत

रायपुर,17 अप्रैल। नहरपारा, इंदिरा गांधी वार्ड के पूर्व पार्षद व जोन अध्यक्ष रमेश आहूजा ने बिजली



दर में 37 पैसे प्रति यूनिट की कमी करके आम बिजली उपभोक्ताओं कांग्रेस सरकार ने बड़ी राहत दी है। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बधाई के पात्र हैं। बिजली बिल में कमी से बिजली उपभोक्ताओं को मुस्कराने का मौका मिलेगा। वरना तो केंद्र में भाजपा की सरकार ने महंगाई बढ़ाकर केवल लोगों का सुकून छीन लिया है बल्कि पेट पर भी लात मारी है। भूपेश बघेल मुख्यमंत्री के रूप में आम जनता की समस्या व परेशानियों को दूर कर अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभा रहे है। इसका जीता जागता उदाहरण बिजली बिल हॉफ और 37 पैसे प्रति यूनिट कमी का फैसला है। आहूजा ने कहा कि मैंने अपने 50 वर्ष के राजनीतिक जीवन में बिजली बिल बढ़ते ही देखा है। यह ऐतिहासिक है कि बिजली बिल में कमी की गई है। यह स्वागतेय है। इसका लाभ विधानसभा चुनाव में मिलेगा।

### कुमार नए प्रेसबिटर इंचार्ज



रायपुर,17 अप्रैल। छत्तीसगढ़ डायसिस ने राजधानी के सेंट पॉल्स कैथेड्रल में नई एडहॉक पास्ट्रेट कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी को रविवार को पादरी सुनील कुमार ने शपथ दिलाई। सेंट मैथ्यूस चर्च के पादरी सुनील कुमार अब सेंट पॉल्स कैथेड्रल के प्रसेबिटर इंचार्ज होंगे। आराधना के दौरान छत्तीसगढ डायसिस के सचिव नितिन लॉरेंस व कोषाध्यक्ष अजय जॉन ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। पादरी कुमार ने नई कमेटी के सचिव जॉन राजेश पॉल व कोषाध्यक्ष प्रमोद मसीह को भी शपथ दिलाई। पॉल को छत्तीसगढ़ डायसिस के प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी दी गई है। कमेटी के सदस्यों आशा जोसफ प्रेम मसीह, दीपक गिडियन, एडवोकेट संजय नायक, रूचि धर्मराज, परसिस सामुएल, मेघा फ्रेंक्लीन, एडवोकेट मृदुला सिंग, मनीष दयाल, वीके कासू, जीवन मसीह दास, सेवियो जॉन, सुरेश सिंग इनके अलावा महिला सभा सचिव ज्ञानमणि पॉल, युवा सभा अध्यक्ष आशीष बाघे व संडे स्कूल अध्यक्ष राजेश लिविंग्सेटन भी बतौर प्रतिनिधि कमेटी में शामिल किए गए हैं। चर्च की विभिन्न विंगो ने नए पास्टर साहेब और नई कमेटी का स्वागत किया।

# विधानसभा चुनाव : प्रशासनिक फेरबदल की कवायद शुरू

## पारूल माथुर को रायपुर एसएसपी बनाए जाने की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

रायपुर, 17 अप्रैल। विधानसभा चुनाव के प्रशासनिक फेरबदल की कवायद शुरू हो गई है। राजधानी रायपुर में नए एसपी की तलाश शुरू हो गई है। चालू माह में एसपी की ट्रांसफर सूची जारी कर दी जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता को लागू होने के पूर्व अपने पसंदीदा अधिकारियों को बतौर कलेक्टर एवं एसपी पदस्थ करने की कवायद शुरू हो गई है। राज्य में पहले एसपी की लिस्ट जारी की जाएगी। पुलिस महानिदेशक के पद पर कार्यरत अशोक जुनेजा के कार्यकाल को लेकर विचार-विमर्श चल रहा है। वे जून माह में अवकाश ग्रहण करने जा रहे हैं। कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए उनके कार्यकाल में वृद्धि किए जाने का प्रस्ताव किया जा रहा है। राज्य में जिला स्तर पर एसपी की नई पदस्थापना की जाएगी। यहां पर प्रशांत अग्रवाल को हटाकर पारूल माथुर को पदस्थ किए जाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर के भी एसपी हटाए जाएंगे। अंबिकापुर के भी एसपी तथा संभागायुक्त को भी बदलने की चर्चा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव सुब्रत साहू को कोई नई जिम्मेदारी दिए जाने की चर्चा है।

राज्य में अधिकांश जिलों में प्रमोटी आईएएस अधिकारियों को नियुक्त किए जाने की चर्चा है। वर्तमान में बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव जिले के कलेक्टरों को बदले जाने की चर्चा है। सचिवों एवं प्रमुख सचिवों का भी कार्यभार बदला जाएगा। खाद्य सचिव टीपी वर्मा को हटाए जाने की चर्चा है। राज्य में आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भी पसंदीदा अधिकारियों को नियुक्त किया जाएगा। बदलते राजनीतिक समीकरण में विधानसभा अध्यक्ष ने सक्ती विधानसभा छोड़कर चांपा से चुनाव लड़ने की पेशकश की है। वे नए समीकरण के तहत अनेक जिलों का दौरा कर रहे हैं। बदलते राजनीतिक समीकरण में सूरजपुर, बलरामपुर तथा बालोद में भी कई अधिकारियों को बदला जाएगा। दक्षिण बस्तर के विधायकों की अनुशंसा पर नए अधिकारियों को पदस्थ किया जाएगा।



रायपुर, 17 अप्रैल। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घड़ी चौक में स्थित वाल अमर चिन्हारी हमर छत्तीसगढ़ में अपने हाथों से जी-20 समिट का लोगो बनाया।

## मुख्यमंत्री से कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने की मुलाकात



रायपुर, 17 अप्रैल। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से रविवार की शाम उनके निवास कार्यालय में कान्यकुन्ज ब्राम्हण समाज रायपुर के प्रतिनिधि मण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री को प्रतिनिधि मण्डल द्वारा भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में 22 अप्रैल को राजधानी के बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में आयोजित विप्र सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने आमंत्रण दिया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मण्डल में अरूण शुक्ला, राघवेन्द्र मिश्र तथा सुरेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### फर्जी दस्तावेज से राज्य शासन की छवि खराब करने की कोशिश, जुर्म दर्ज

रायपुर, 17 अप्रैल। छत्तीसगढ़ शासन एवं गृह विभाग की छवि खराब करने के उद्देश्य से एक फर्जी पत्र सोशल मीडिया में वायरल किया जा रहा है। यह पत्र सभी पुलिस अधीक्षकों के नाम से छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग द्वारा जारी किया गया बताकर इस पर अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव के नाम का फर्जी हस्ताक्षर भी अंकित है। गृह सचिव को इस फर्जी पत्र की जानकारी मिलने के साथ ही अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा रायपुर के राखी थाना में एफआईआर दर्ज कराई गयी है। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अवर सचिव के नाम व पदनाम का उल्लेख कर फर्जी दस्तावेज कूटरचित कर सोशल मीडिया मे वायरल कर शासन एवं गृह विभाग की छबि धूमिल करने का प्रयास किया गया है. प्राप्त शिकायत के आधार पर राखी थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 419, 469 भादवि का दण्डनीय अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है.

## पूर्व राज्यपाल के खुलासे पर जवाब दें पीएमः कांग्रेस

रायपुर, 17 अप्रैल। पुलवामा हमले में जम्मू कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक के द्वारा उठाये गये सवालों का जवाब मोदी सरकार को देना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि देश की जनता जानना चाहती है कि पुलवामा का सच क्या है? पुलवामा हमले के तुरंत बाद जब राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने प्रधानमंत्री से इस मसले पर सवाल खड़ा किया तथा जांच को कहा तो उनसे चुप रहने को क्यों कहा गया?



तत्कालीन राज्यपाल मलिक दावा कर रहे कि सीआरपीएफ ने अपने जवानों को ले जाने जहाज की मांग किया था लेकिन गृह मंत्रालय ने मना कर दिया था ऐसा क्यों हुआ? देश जानना चाहता है। सत्यपाल मलिक यह भी कह रहे कि उन्होंने प्रधानमंत्री से पुलवामा हमले के तुरंत बाद जिमकार्बेट पार्क में फोन पर बात किया था। उन्होंने इस मामले में चुप रहने किसी से भी बात नहीं करने को कहा था प्रधानमंत्री ने ऐसा क्यों कहा था? इसके बारे में भी देश को बताना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि पुलवामा में देश के 40 जवान वीरगति को प्राप्त हुए, शहीद हुए। पुलवामा आतंकी हमला पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा भारत की संप्रभुता पर हमला था। अब जब ये बात सामने आ गई है कि मोदी ने खुद एक राज्यपाल को ÷चुप रहने÷ की हिदायत दी, तब ये गंभीर प्रश्न उठता है कि क्या हमारी सेना का इस्तेमाल सस्ती राजनैतिक लोकप्रियता हासिल करने के लिए हुआ ?

## चाकूबाज का सिर मुंडवाकर निकाला जुलूस



रायपुर, 17 अप्रैल। पुलिस की कार्रवाई के बाद भी रायपुर में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन चाकूबाजी की घटनाएं सामने आ रही हैं। हर रोज अपराधियों के गिरफ्तारी का मामला सामने आ रहा है। इसके बाद अपराधी बेलगाम हैं।शहर में मामूली बातों को लेकर चाकूबाजी कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रायपुर रेलवे स्टेशन में देखने को मिला, जहां जहां मामूली विवाद पर ऑटो चालकों के बीच चाकूबाजी हुई। चालक पर चाकू से हमला किया गया है। मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। नर्मादापर रायपुर निवासी प्रार्थी ऑटो चालक हनुमान दास मानिकपुरी ने थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ऑटो संघ के सचिव को आरोपी ऑटो चालक ने चाकू से वार कर जान से मरने की धमकी दी। इस बीच प्रार्थी ने बीचबचाव करने की कोशिश की। इसके बाद मामला शांत होने पर फिर 5-6 बदमाशों ने रात 8 बजे प्रार्थी को घेरकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। बदमाश हत्या करने की नियत से मौके पर पहुंचे थे। आरोपी पास रखे चाकू से प्रार्थी पर वार कर मौके से भाग निकले। पुलिस ने जानलेवा हमला करने वाले 1 नाबालिग समेत कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में मोनू उर्फ आरिफ खान, रितिक केशरवानी, आरिफ आलम, फद्दीन खान और नाबालिग शामिल हैं। थाना गंज में अपराध क्रमांक 136/23 धारा 307, 147, 148, 149, 25, 27 आर्म्स एक्ट का रिपोर्ट दर्ज किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 1 नग चाकू और एक बाइक जब्त किया गया है।

## कोयला खरीदी के नाम पर 50 लाख की धोखाधड़ी

रायपुर, 17 अप्रैल। कोयले के धंधे में पचास लाख से अधिक की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। आजाद चौक पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक 28 नार्थ एवेन्यू चौबे कालोनी निवासी रामवतार अग्रवाल ने 9 सितंबर-21 को समता शॉपिंग मार्केट के दफ्तर में अंकुर ढिल्लन, सचिन शर्मा और राजीव सोलंकी से कोयला खरीदने की डील किया। अग्रवाल की पूरब इंटरनेशनल फर्म है।




अंकुर और पार्टनर डीसी कोल प्रा. लिमिटेड कोरबा के साथ दिल्ली इलाके में कोयले की कारोबार करते हैं। इन तीनों ने अधिक लाभ कमाने के लिए रामावतार से 1करोड़, 68 लाख, 39391 का माल खरीदा और 2824107 लाख का भुगतान नहीं किया। यह. खरीदी अंकुर और पार्टनरों ने 19-9-22 तक करीब एक साल तक की। यह रकम न मिलने पर अग्रवाल ने शनिवार शाम, अंकुर और पार्टनर के विरूद्ध धारा 420, 34 के तहत मामला दर्ज कराया।

इसी तरह के दूसरे मामला भी आजाद चौक पुलिस ने ही दर्ज किया है। पहुना गेस्ट हाऊस के सामने रहने वाले निश्चय सरावगी ने दर्ज कराई है। निश्चय, राईज़न वायर एंड स्टील प्राय. लिमिटेड में प्रबंधक है। उसे 30 महीने पहले अक्तूबर-20 को मनोज इंडस्ट्रीज के संचालक मनोज-शैलेष बत्रा ने मैग्जिमम प्राफ्टि मार्जिन के लिए एचबी वायर एंड वायर राड खरीदा जिसकी कीमत 21 लाख रूपए होती है, उसका भुगतान आज तक नहीं किया। रविवार को निश्चय की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस पड़ताल कर रही है।

## भगवान परशुराम महाआरती की तैयारी पर बैठक

रायपुर, 17 अप्रैल। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवम् सर्व युवा ब्राह्मण परिषद की बैठक चंगोराभाठा में सम्पन्न हुई। बैठक में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 29 अप्रैल संध्या 6.00 बजे, 11 सौ दीपों से महाआरती, निःशुल्क स्वास्थ शिविर, विभिन्न स्पर्धायें, झूले, भोजन प्रसादी आदि के व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई. अध्यक्ष अरविंद ओझा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम विप्र समाज के प्रमुख देव हैं. हमें अधिक से अधिक संख्या में महाआरती कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाना है. कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा ने कहा कि भगवान परशुराम जी,



भगवान विष्णु के षष्ठम अवतार हैं. भगवान परशुराम की पूजा-आरती से भगवान हमें भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है जो शक्ति, वैभव, सम्पन्नता के देव हैं. उस दिन पूर्वान्ह 11 बजे निःशुल्क स्वास्थ शिविर, सायं 4 बजे से विभिन्न मंडलियों द्वारा भजनों की प्रस्तुति, 6 बजे से विशेष आमंत्रित अतिथियों का आगमन, स्वागत, सम्बोधन, 7.30 बजे भगवान परशुराम की 11 सौ दीपों से महाआरती एवम् रात्रि 8.30 बजे से भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणनिधि मिश्रा ने सभी से बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की. महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर विप्र महिलाओं से मेंहदी, रंगोली, पूजा थाली सजाओ आदि प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील की. बैठक में सभी ने अपने विचार रखे. बैठक को विशेष रुप से दशरथ प्रसाद शुक्ला, अमृतलाल बिलथरे, महासचिव सुनील ओझा, राजेश सिंह, उपाध्यक्ष यशवंत पुरोहित, आर. मुरली, राजेन्द्र ओझा, दिलीप झा, नितिन शर्मा, जगदीश तिवारी ने भी संबोधित किया. बैठक में प्रमुख रुप से राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र पाठक, सचिव रामवृत्त तिवारी, शशिकांत शर्मा बंटी, महिला महासचिव सुमन मिश्रा, गीतिका झा, वीणा मिश्रा, कल्पना मिश्रा, सुमन पाण्डेय, त्रिभुवन रीता तिवारी, राकेश वसुधा तिवारी, भानु प्रकाश पाण्डेय, जितेन्द्र बाजपेयी, सुनील शुक्ला, लक्ष्मी राव, अर्चना तिवारी, डा. कल्पना चौबे, संध्या मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे. प्रीति पाठक व गिरजाशंकर दीक्षित का बैठक आयोजन में विशेष सहयोग रहा. मंच संचालन अरविन्द ओझा एवं आभार प्रदशर्न सुमन मिश्रा ने किया.




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23